Kabit by Bhai Gurdaas

ੴ सतिगुर प्रसादि ॥

बाणी भाई गुरदास भले की ॥

सोरठा: आदि पुरख आदेस ओनम स्री सतिगुर चरन ॥ (१-१)
घट घट का परवेस एक अनेक बिबेक ससि ॥ (१-२)
दोहरा: ओनम स्री सतिगुर चरन आदि पुरख आदेसु ॥ (१-३)
एक अनेक बिबेक ससि घट घट का परवेस ॥ (१-४)
छंद: घट घट का परवेस सेस पहि कहत न आवै ॥ (१-५)
नेत नेत कहि नेत बेदु बंदीजनु गावै ॥ (१-६)
आदि मधि अरु अतु हुते हुत है पुनि होनम ॥ (१-७)
आदि पुरख आदेस चरन सै सतिगुर ओनम ॥१॥ (१-८)

सोरठा: अबिगति अलख अभेव अगम ओर अनंत गुर ॥ (२-१)
सतिगुर नानक देव पारब्रह्म पूरन ब्रह्म ॥ (२-२)
दोहरा: अगम अपार अनंत गुर अबिगत अलख अभेव ॥ (२-३)
पारब्रह्म पूरन ब्रह्म सतिगुर नानकदेव ॥ (२-४)
छंद: सतिगुर नानकदेव देव देवी सभ धिआवहि ॥ (२-५)
नाद बाद बिसमाद राग रागनि गुन गावहि ॥ (२-६)
सुन्न समाधि अगाधि साध संगति सपरम्पर ॥ (२-७)
अबिगति अलख अभेव अगम अगमिति अपरम्पर ॥२॥ (२-८)

सोरठा: जगमग जोति सरूप पर्म जोति मिल जोति महि ॥ (३-१)
अदभुत अतहि उनूप पर्म ततु ततहि मिलिओ ॥ (३-२)
दोहरा: पर्म जोति मिलि जोति महि जगमग जोति सरूप ॥ (३-३)
पर्म तत ततहि मिलिओ अदभुत अत ही अनूप ॥ (३-४)
छंद: अदभुत अति ही अनूप रूप पारस कै पारस ॥ (३-५)
गुर अंगद मिलि अंग संग मिलि संग उधारस ॥ (३-६)
अकल कला भरपूरि सूत्र गति ओतिपोति महि ॥ (३-७)
जगमग जोति सरूप जोति मिलि जोति जोति महि ॥३॥ (३-८)

सोरठा: अमृत दृसटि निवास अमृत बचन अनहद सबद ॥ (४-१)

सतिगुर अमर प्रगास मिलि अमृत अमृत भए ॥ (४-२)
दोहरा: अमृत बचन अनहद सबद अमृत दृसटि निवास ॥ (४-३)
मिलि अमृत अमृत भए सतिगुर अमर प्रगास ॥ (४-४)
छंद: सतिगुर अमर प्रगास तास चरनाम्रत पावै ॥ (४-५)
काम नाम निहिकाम परमपद सहज समावै ॥ (४-६)
गुरमुखि संधि सुगंध साध संगति निज आसन ॥ (४-७)
अमृत दृसटि निवास अमृत मुख बचन प्रगासन ॥४॥ (४-८)

सोरठा: ब्रहमासन बिस्राम गुर भए गुरमुखि संधि मिलि ॥ (५-१)
गुरमुखि रमता राम राम नाम गुरमुखि भए ॥ (५-२)
देहरा: गुर भए गुरसिख संध मिलि ब्रहमासन बिस्राम ॥ (५-३)
राम नाम गुरमुखि भए गुरमुखि रमता राम ॥ (५-४)
छंद: गुरमुखि रमता राम नाम गुरमुखि प्रगटाइओ ॥ (५-५)
सबद सुरति गुरु गिआन धिआन गुर गुरू कहाइओ ॥ (५-६)
दीप जोति मिलि दीप जोति जगमग अंतरि उर ॥ (५-७)
गुरमुखि रमता राम संध गुरमुखि मिलि भए गुर ॥५॥ (५-८)

सोरठा: आदि अंति बिसमाद फल द्रुम गुर सिख संध गति ॥ (६-१)
आदि पर्म परमादि अंत अनंत न जानिऐ ॥ (६-२)
दोहरा: फल द्रुम गुरसिख संध गति आदि अंत बिसमादि ॥ (६-३)
अंत अनंत न जानीऐ आद पर्म परमादि ॥ (६-४)
छंद: आदि पर्म परमादि नाद मिलि नाद सबद धुनि ॥ (६-५)
सलिलहि सलिल समाइ नाद सरता सागर सुनि ॥ (६-६)
नरपति सुत नृप होत जोति गुरमुखि गुन गुरजन ॥ (६-७)
राम नाम प्रसादि भए गुरु ते गुर अरजन ॥६॥ (६-८)

सोरठा: पूरन ब्रह्म बिबेक आपा आप प्रगास हुइ ॥ (७-१)
नाम दोइ प्रभ एक गुर गोबिंद बखानीऐ ॥ (७-२)
दोहरा: आपा आप प्रगास होइ पूरन ब्रह्म बिबेक ॥ (७-३)
गुर गोबिंद बखानीऐ नाम दोइ प्रभ एक ॥ (७-४)
छंद: नाम दोइ प्रभ एक टेक गुरमुखि ठहराई ॥ (७-५)
आदि भए गुर नाम दुतीआ गोबिंद बडाई ॥ (७-६)
हरि गुर हरिगोबिंद रचन रचि थापि ओथापन ॥ (७-७)
पूरन ब्रह्म बिबेक प्रगट हुइ आपा आपन ॥७॥ (७-८)

सोरठा: बिसमादहि बिसमाद असचरजहि असचरज गति ॥ (८-१)
आदि पुरख परमादि अदभुत परमदभुत भए ॥ (८-२)
दोहरा: असचरजहि असचरज गति बिसमादहि बिसमाद ॥ (८-३)
अदभुत परमदभुत भए आदि पुरख परमादि ॥ (८-४)
छंद: आदि पुरख परमादि स्वादरस गंध अगोचर ॥ (८-५)
दृसटि दरस असपरस सुरति मति सबद मनोचर ॥ (८-६)
लोग बेद गति गिआन लखे नहीं अलख अभेवा ॥ (८-७)
नेत नेत करि नमो नमो नम ससि गुरदेवा ॥८॥ (८-८)

कबित
दरसन देखत ही सुधि की न सुधि रही (९-१)
बुधि की न बुधि रही मति मै न मति है । (९-२)
सुरति मै न सुरति अउ धिआन मै न धिआनु रहिओ (९-३)
गिआन मै न गिआन रहिओ गति मै न गति है । (९-४)
धीरजु को धीरजु गरब को गरबु गइओ (९-५)
रति मै न रति रही पति रति पति मै ॥ (९-६)
अदभुत परमदभुत बिसमै बिसम (९-७)
अस्चरजै असचरज अति अति मै ॥९॥ (९-८)

दसम सथान के समानि कउन भउन कहओ (१०-१)
गुरमुखि पावै सु तउ अनत न पावई । (१०-२)
उनमनी जोति पटंतर दीजै कउन जोति (१०-३)
दइआ कै दिखावै जाही ताही बनि आवई । (१०-४)
अनहद नाद समसरि नाद बाद कओन (१०-५)
स्रीगुर सुनावे जाहि सोई लिव लावई । (१०-६)
निझर अपार धार तुलि न अमृत रस (१०-७)
अपिओ पीआवै जाहि ताही मै समावई ॥१०॥ (१०-८)

गुर सिख संधि मिले बीस इकईस इसि (११-१)
इत ते उलंघि उत जाइ ठहरावई । (११-२)
चर्म दृसटि मूद पेखै दिब दृसटि कै (११-३)
जगमग जोति ओनमनी सुध पावई । (११-४)
सुरति संकोचत ही बजर कपाट खोलि (११-५)
नाद बाद परै अनहत लिव लावई । (११-६)
बचन बिसरजत अनरस रहित हुइ (११-७)

निझर अपार धार अपिइ पीआवई ॥११॥ (११-८)

जउ लउ अनरस बस तउ लउ नही प्रेम रसु (१२-१)
जउ लउ अनरस आपा आपु नही देखीऐ । (१२-२)
जउ लउ आन गिआन तउ लउ नही अधिआतम गिआन (१२-३)
जउ लउ नाद बाद न अनाहद बिसेखीऐ । (१२-४)
जउ लउ अहम्बुधि सुधि होइ न अंतरि गति (१२-५)
जउ लउ न लखावै तउ लउ अलख न लेखीऐ । (१२-६)
सतिरूप सतिनाम सतिगुर गिआन धिआन (१२-७)
एक ही अनेकमेक एक एक भेखीऐ ॥१२॥ (१२-८)

नाना मिसटान पान बहु बिंजनादि स्वाद (१३-१)
सीचत सर्ब रस रसना कहाई है । (१३-२)
दृसटि दरस अरु सबद सुरति लिव (१३-३)
गिआन धिआन सिमरन अमित बडाई है । (१३-४)
सकल सुरति असपरस अउ राग नाद (१३-५)
बुधि बल बचन बिबेक टेक पाई है । (१३-६)
गुरमति सतिनाम सिमरत सफल हुइ (१३-७)
बोलत मधुर धुनि सुन्न सुखदाई है ॥१३॥ (१३-८)

प्रेमरस बसि हुइ पतंग संगम न जानै (१४-१)
बिरह बिछोह मीन हुइ न मरि जाने है । (१४-२)
दरस धिआन जोति मै न हुइ जोती सरूप (१४-३)
चरन बिमुख होइ प्रान ठहराने है । (१४-४)
मिलि बिछरत गति प्रेम न बिरह जानी (१४-५)
मीन अउ पतंग मोहि देखत लजाने है । (१४-६)
मानस जनम ध्रिगु धंनि है तृगद जोनि (१४-७)
कपट सनेह देह नरक न माने है ॥१४॥ (१४-८)

गुरमुखि सुखफल स्वाद बिसमाद अति (१५-१)
अकथ कथा बिनोद कहत न आवई । (१५-२)
गुरमखि सुखफल गंध परमदभुत (१५-३)
सीतल कोमल परसत बनि आवई । (१५-४)
गुरमुखि सुखफल महिमा अगाधि बोध (१५-५)
गुर सिख संध मिलि अलख लखावई । (१५-६)

गुरमुखि सुखफल अंगि अंगि कोट सोभा (१५-७)
माइआ कै दिखावै सो तो अनत न धावई ॥१५॥ (१५-८)

उलटि पवन मन मीन की चपल गति (१६-१)
सतिगुर परचे परमपद पाए है । (१६-२)
सूरसर सोखि पोखि सोमसर पूरन कै (१६-३)
बंधन दे मृतसर अपीआँ पिआए है । (१६-४)
अजरहि जारि मारि अमरहि भ्राति छाडि (१६-५)
असथिर कंध हंस अनत न धाए है । (१६-६)
आदै आद नादै नाद सललै सलिल मिलि (१६-७)
ब्रह्मै ब्रह्म मिलि सहज समाए है ॥१६॥ (१६-८)

चिरंकाल मानस जनम निरमोल पाए (१७-१)
सफल जनम गुर चरन सरन कै । (१७-२)
लोचन अमोल गुर दरस अमोल देखे (१७-३)
स्रवन अमोल गुर बचन धरन कै । (१७-४)
नासका अमोल चरनारबिंद बासना कै (१७-५)
रसना अमोल गुरमंत्र सिमरन कै ॥ (१७-६)
हसन अमोल गुरदेव सेव कै सफल (१७-७)
चरन अमोल परदछना करन कै ॥१७॥ (१७-८)

दरस धिआन दिबि दृसटि प्रगास भई (१८-१)
करुना कटाछ दिबि देह परवान है । (१८-२)
सबद सुरति लिव बजर कपाट खुले (१८-३)
प्रेम रस रसना कै अमृत निधान है । (१८-४)
चरन कमल मकरंद बासना सुबास हसत (१८-५)
पूजा प्रनाम सफल सु गिआन है । (१८-६)
अंग अंग बिसम स्रबंग मै समाइ भए (१८-७)
मन मनसा थकत ब्रह्म धिआन है ॥१८॥ (१८-८)

गुरमुखि सुखफल अति असचरज मै (१९-१)
हेरत हिराने आन धिआन बिसराने है । (१९-२)
गुरमुखि सुखफल गंध रस बिसम हुइ (१९-३)
अनरस बासना बिलास न हिताने है । (१९-४)
गुरमुखि सुखफल अदभुत असथान (१९-५)

मृत मंडल असथल न लुभाने है । (१६-६)
गुरमुखि सुखफल संगति मिलाप देख (१६-७)
आन गिआन धिआन सभ निरस करि जाने है ॥१६॥ (१६-८)

गुरमुखि सुखफल दइआ कै दिखावै जाहि (२०-१)
ताहि आन रूप रंग देखे नाही भावई । (२०-२)
गुरमुखि सुखफल मइआ कै चखावै जाहि (२०-३)
ताहि अनरस नहीं रसना हितावही । (२०-४)
गुरमुखि सुखफल अगहु गहावै जाहि (२०-५)
सर्ब निधान परसन कउ न धावई । (२०-६)
गुरमुखि सुखफल अलख लखावै जाहि (२०-७)
अकथ कथा बिनोद वाही बनि आवई ॥२०॥ (२०-८)

सिध नाथ जोगी जोग धिआन मै न आन सके (२१-१)
बेद पाठ करि ब्रहमादिक न जाने है । (२१-२)
अध्यातम गिआन कै न सिव सनकादि पाए (२१-३)
जग भोग मै न इंद्रादिक पहिचाने है । (२१-४)
नउम सिमरन कै सेखादिक न संख जानी (२१-५)
ब्रहमचरज नारदादक हिराने है । (२१-६)
नाना अवतार कै अपार को न पार पाइओ (२१-७)
पूरन ब्रह्म गुरसिख मन माने है ॥२१॥ (२१-८)

गुर उपदेस रिदै निवास जासु (२२-१)
धिआन गुर मुरति कै पूरन ब्रह्म है । (२२-२)
गुरमुखि सबद सुरति उनमान गिआन (२२-३)
सहज सुभाइ सरबातम कै सम है ॥ (२२-४)
हउमै तिआगि तिआगी बिसमाद को बैरागी भए (२२-५)
मन ओनमनलिव गंमिता अगम्म है । (२२-६)
सूखम असथूल मूल एक ही अनेक मेक (२२-७)
जीवन मुकति नमो नमो नमो नम है ॥२२ ॥ (२२-८)

दरसन जोति न जोती सरूप हुइ पतंग (२३-१)
सबद सुरति मृग जुगति न जानी है । (२३-२)
चरन कमल मकरंद न मधुप गति (२३-३)
बिरह बिओग हुइ न मीन मरिजानै है । (२३-४)

एक एक टेक न टरत है तृगद जोनि (२३-५)
चातुर चतर गुन होइ न हिरानै है । (२३-६)
पाहन कठोर सतिगुर सुख सागर मै (२३-७)
सुनि मम नाम जम नरक लजानै है ॥२३॥ (२३-८)

गुरमति सति करि चंचल अचल भए (२४-१)
महा मल मूत्र धारी निर्मल कीने है । (२४-२)
गुरमति सति करि जोनि कौ अजोनि भए (२४-३)
काल सै अकाल कै अमर पद दीने है । (२४-४)
गुरमति सति करि हउमै खोइ होइ रेन (२४-५)
तृकुटी तृबेनी पारि आपा आप चीने है । (२४-६)
गुरमति सति करि बरन अबरन भए (२४-७)
भै भ्रम निवारि डारि निरभै को लीने है ॥२४॥ (२४-८)

गुरमति सति करि अधम असाध साध (२५-१)
गुरमति सति करि जंत संत नाम है । (२५-२)
गुरमति सति करि अबिबेकी हुइ बिबेकी (२५-३)
गुरमति सति करि काम निहकाम है । (२५-४)
गुरमति सति करि अगिआनी ब्रहमगिआनी (२५-५)
गुरमति सति करि सहज बिस्राम है । (२५-६)
गुरमति सति करि जीवन मुकति भए (२५-७)
गुरमति सति करि निहचल धाम है ॥२५॥ (२५-८)

गुरमति सति करि बैर निरबैर भए (२६-१)
पूरन ब्रह्म गुर सर्ब मै जाने है । (२६-२)
गुरमति सति करि भेद निरभेद भए (२६-३)
दुबिधा बिधि निखेध खेद बिनासने है। (२६-४)
गुरमति सति करि बाइस परमहंस (२६-५)
गिआन अंस बंस निरगंध गंध ठाने है । (२६-६)
गुरमति सति करि कर्म भर्म खोए (२६-७)
आसा मैनिरास हुइ बिस्वास उर आने है॥२६॥ (२६-८)

गुरमति सति करि सिम्बल सफल भए (२७-१)
गुरमति सति करि बाँस मै सुगंध है । (२७-२)
गुरमति सति करि कंचन भए मनूर (२७-३)

गुरमति सति करि परखत अंध है । (२७-४)
गुरमति सति करि कालकूट अमृत हुइ (२७-५)
काल मै अकाल भए असथिर कंध है । (२७-६)
गुरमति सति करि जीवनमुकत भए (२७-७)
माइआ मै उदास बास बंध निरबंध है ॥२७॥ (२७-८)

सबद सुरति लिव गुर सिख संध मिले (२८-१)
ससि घरि सूरि पूर निज घरि आए है । (२८-२)
ओलटि पवन मन मीन तृबैनी प्रसंग (२८-३)
तृकुटी उलंघि सुख सागर समाए है । (२८-४)
तृगुन अतीत चतुरथ पद गंमिता कै (२८-५)
निझर अपार धार अमीअ चुआइै है । (२८-६)
चकई चकोर मोर चातृक अनंदमई (२८-७)
कदली कमल बिमल जल छाए है ॥२८॥ (२८-८)

सबद सुरति लिव गुरसिख संध मिले (२९-१)
पंच परपंच मिटे पंच परधाने है । (२९-२)
भागै भै भर्म भेद काल अउ कर्म खेद (२९-३)
लोग बेद उलंघि उदोत गुर गिआने है । (२९-४)
माइआ अउ ब्रह्म सम दसम दुआर पारि (२९-५)
अनहद रुनझुन बाजत नीसाने है । (२९-६)
उनमन मगन गगन जगमग जोति (२९-७)
निझर अपार धार पर्म निधाने है ॥२९॥ (२९-८)

गृह महि गृहसती हुइ पाइओ न सहज घरि (३०-१)
बनि बनवास न उदास डल पाइओ है । (३०-२)
पड़ि पड़ि पंडित न अकथ कथा बिचारी (३०-३)
सिधासन कै न निज आसन दिड़ाइओ है । (३०-४)
जोग धिआन धारन कै नाथन देखे न नाथ (३०-५)
जगि भोग पूजा कै न अगहु गहाइओ है । (३०-६)
देवी देव सेवकै न अहम्मेव टेव टारी (३०-७)
अलख अभेव गुरदेव समझाइओ है ॥३०॥ (३०-८)

तृगुन अतीत चतुरथ गुन गंमिता कै (३१-१)
पंच तत उलंघि पर्म ततवासी है । (३१-२)

खट रस तिआगि प्रेम रस कउ प्रापति भए (३१-३)
पूर सुरि सपत अनहद अभिआसी है । (३१-४)
असट सिधाँत भेद नाथन कै नाथ भए (३१-५)
दसम सथल सुख सागर बिलासी है । (३१-६)
उनमन मगन गगन हुइ निझर झरै (३१-७)
सहज समाधि गुरु परचे उदासी है ॥३१॥ (३१-८)

दुबिधा निवारि अबरन हुइ बरन बिखै (३२-१)
पांच परपंच न दरस अदरस है । (३२-२)
पर्म पारस गुर परसि पारस भए (३२-३)
कनिक अनिक धातु आपा अपरस है । (३२-४)
नवदुआर दुआर पारिब्रमासन सिंघासन मै (३२-५)
निझर झरनि रुचत न अनरस है । (३२-६)
गुर सिख संधि मिले बीस इकईस ईस (३२-७)
अनहद गद गद अभर भरस है ॥३२॥ (३२-८)

चरन कमल भजि कमल प्रगास भए (३३-१)
दरस दरस समदरस दिखाए है । (३३-२)
सबद सुरति अनहद लिवलीन भए (३३-३)
ओनमन मगन गगन पुर छाए है । (३३-४)
प्रेमरस बसि हुइ बिसम बिदेह भए (३३-५)
अति असचरज मो हेरत हिराए है । (३३-६)
गुरमुखि सुखफल महिमा अगाधि बोधि (३३-७)
अकथ कथा बिनोद कहत न आए है ॥३३॥ (३३-८)

दुरमति मेटि गुरमति हिरदै प्रगासी (३४-१)
खोए है अगिआन जाने ब्रह्म गिआन है। (३४-२)
दरस धिआन आन धिआन बिसमरन कै (३४-३)
सबद सुरति मोनि ब्रत परवाने है । (३४-४)
प्रेमरस रसिक होइ अनरस रहत हुइ (३४-५)
जोती मै जोति सरूप सोहं सुरताने है । (३४-६)
गुर सिख संध मिले बीस इकईस ईस (३४-७)
पूरन बिबेक टेक एक हीये आने है ।३४॥ (३४-८)

रोम रोम कोटि ब्रहिमाँड को निवास जासु (३५-१)

मानस अउतार धार दरस दिखआए है । (३५-२)
जाके ओअंकार कै अकार है नाना प्रकार (३५-३)
स्रीमुख सबद गुर सिखनु सुनाए है । (३५-४)
जग भोग नईबेद जगत भगत जाहि (३५-५)
असन बसन गुरसिखन लडाए है । (३५-६)
निगम सेखादि कबत नेत नेत करि (३५-७)
पूरम ब्रह्म गुरसिखनु लखाए है ॥३५॥ (३५-८)

निरगुन सरगुन कै अलख अबिगत गति (३६-१)
पूरन ब्रह्म गुर रूप प्रगटाए है । (३६-२)
सरगुन स्री गुर दरस कै धिआन रूप (३६-३)
अकुल अकाल गुरसिखनु दिखाए है । (३६-४)
निरगुन स्री गुर सबद अनहद धुनि (३६-५)
सबदबेधी गुर सिखनु सुनाए है । (३६-६)
चरन कमल मकरंद निहकाम धाम (३६-७)
गुरुसिख मधुकर गति लपटाए है ॥३६॥ (३६-८)

पूरन ब्रह्म गुर बेल हुइ चम्बेली गति (३७-१)
मूल साखा पत्र करि बिबिध बिथार है। (३७-२)
गुरसिख पुहप सुबास निज रूप तामै (३७-३)
प्रगट हुइ करत संसार को उधार है । (३७-४)
तिल मिलि बासना सुबास को निवास करि (३७-५)
आपा खोइ होइ है फुलेल महकार है । (३७-६)
गुरमुखि मारग मै पतित पुनीत रीति (३७-७)
संसारी हुइ निरंकारी परउपकार है ॥३७॥ (३७-८)

पूरन ब्रह्म गुर बिरख बिथार धार (३८-१)
मुलखंद साखा पत्र अनिक प्रकार है । (३८-२)
मैता निज रूप गुरसिख फल को प्रगास (३८-३)
बासना सुबास अउ स्वाद उपकार है । (३८-४)
चरन कमल मकरंद रस रसिक हुइ (३८-५)
चाखे चरनांम्रत संसार को उधार है । (३८-६)
गुरमुखि मारग महातम अकथ कथा (३८-७)
नेत नेत नेत नमो नमो नमस्कार है ॥३८॥ (३८-८)

बरन बरन बहु बरन गोबंस जैसे (३६-१)
एको ही बदन दुहे दूध जग जानीऐ । (३६-२)
अनिक प्रकार फल फूल कै बनासपति (३६-३)
एकै रूप अगनि सर्ब मै समानीऐ । (३६-४)
चतुर बरन पान चूना अउ सुपारी काथा (३६-५)
आपा खोइ मिलत अनूप रूप ठानीऐ । (३६-६)
लोगन मै लोगाचार गुरमुखि एकंकार (३६-७)
सबद सुरति उनमन उनमानीऐ ॥३६॥ (३६-८)

सींचत सलिल बहु बरन बनासपती (४०-१)
चंदन सुबास एकै चंदन बखानीइै । (४०-२)
पर्बत बिखै उतपत हुइ असट धातु (४०-३)
पारस परसि एकै कंचन कै जानीऐ । (४०-४)
निस अंधकार तारा मंडल चमतकार (४०-५)
दिन दिनकर जोति एकै परवानीऐ । (४०-६)
लोगन मै लोगाचार गुरमुखि एकंकार (४०-७)
सबद सुरति उनमन उनमानीऐ ॥४०॥ (४०-८)

जैसे कुलाबधू गुरजन मै घूघटि पट (४१-१)
सिहजा संजोग समै अंतरु न प्रीअ सै । (४१-२)
जैसे मनि अछत कुटम्ब ही सहित अहि (४१-३)
बंकत न सूधो बिल पैसत हुइ जीअ सै । (४१-४)
माता पिता अछत न बोलै सुत बनिता सै, (४१-५)
पाछे कै दै सरबसु मोह सुत त्रीअ सै । (४१-६)
लोगन मै लोगाचार गुरमुखि एकंकार (४१-७)
सबद सुरति उनमन मन हीअ सै ॥४१॥ (४१-८)

जोग बिखै भोग अरु भोग बिखै जोग जति (४२-१)
गुरमुखि पंथ जोग भोग सै अतीत है । (४२-२)
गिआन बिखै धिआन अरु धिआन बिखै बेधे गिआन (४२-३)
गुरमति गति गिआन धिआन कै अजीत है । (४२-४)
प्रेम कै भगति अरु भगति कै प्रेम नेम (४२-५)
अलख भगति प्रेम गुरमुखि रीति है । (४२-६)
निरगुन सरगुन बिखै बिसम बिस्वास रिदै (४२-७)
बिसम बिस्वास पारि पूरन प्रतीति है ॥४२॥ (४२-८)

किंचत कटाछ दिबि देह दिबि दृसटि हुइ (४३-१)
दिबि जोति को धिआनु दिबि दृसटात कै । (४३-२)
सबद बिबेक टेक प्रगट हुइ गुरमति (४३-३)
अनहद गंमि उनमनी को मतात कै । (४३-४)
गिआन धिआन करनी कै उपजत प्रेम दसु (४३-५)
गुरमुखि सुख प्रेम नेम निज क्राति कै । (४३-६)
चरन कमल दल सम्पट मधुप गति, (४३-७)
सहज समाधि मध पान प्रान शांति कै ॥४३॥ (४३-८)

सूआ गहि नलिनी कउ उलटि गहावै आपु (४४-१)
हाथ सै छडाए पर बीस आवई । (४४-२)
तैसे बारम्बार टेरि टेरि कहे पटे पटे (४४-३)
आपने ही नाओ सीखि आप ही पड़ाई (४४-४)
रघुबंसी राम नामु गाल जामनी सु भाख (४४-५)
संगति सुभाव गति बुधि प्रगटावई । (४४-६)
तैसे गुरचरन सरनि साध संग मिले (४४-७)
आपा आपु चीनि गुरमुखि सुख पावई ॥४४॥ (४४-८)

दृसटि मै दरस दरस मै दृशटि दृग (४५-१)
दृसटि दरस अदरस गुर धिआन है । (४५-२)
सबद मै सुरति सुरति मै सबद धुनि (४५-३)
सबद सुरति अगमिति गुर गिआन है । (४५-४)
गिआन धिआन करनी कै प्रगटत प्रेम रसु (४५-५)
गुरमति गति प्रेम नेम निरबान है । (४५-६)
पिंड प्रान प्रानपति बीस को बरतमान (४५-७)
गुरमुख सुख इकईस मो निधान है ॥४५॥ (४५-८)

मन बच क्रम हुइ इकत्र छत्रपति भए (४६-१)
सहज सिंघासन कै अबि निहचल राज है । (४६-२)
सत अउ संतोख दइआ धर्म अर्थ मेलि, (४६-३)
पंच परवान कीए गुरमति साज है । (४६-४)
सकल पदार्थ अउ सर्ब निधान सभा (४६-५)
सिव नगरी सुबास कोटि छबि छाज है । (४६-६)
राजनीति रीति प्रीति परजा कै सुखै सुख (४६-७)

पूरन मनोरथ सफल सब काज है ॥४६॥ (४६-८)

चरन सरनि मन बच क्रम हुइ इकत्र (४७-१)
गंमिता तृकाल तृभवन सुधि पाई है । (४७-२)
सहज समाधि साधि अगम अगाधि कथा (४७-३)
अंतरि दिसंतर निरंतरी जताई है । (४७-४)
खंड ब्रहमंड पिंड प्रान प्रानपति गति (४७-५)
गुर सिख संधि मिले सोहं लिवलाई है । (४७-६)
दरपन दरस अउ जंत्र धनि जंत्री बिधि (४७-७)
ओतपोति सूतु एकै दुबिधा मिटाई है ॥४७॥ (४७-८)

चरन सरनि मन बच क्रम हुइ इकत्र तन (४८-१)
तृभवन गति अलख लखाई है। (४८-२)
मन बच कर्म कर्म मन बचन कै (४८-३)
बचन कर्म मन उनमनी छाई है । (४८-४)
गिआनी धिआनी करनी जिउ गुर महूआ कमादि (४८-५)
निझर अपार धार भाठी कै चुआई है । (४८-६)
प्रेमरस अमृत निधान पान पूरन हुइ (४८-७)
गुरमुखि संधि मिले सहज समाई है ॥४८॥ (४८-८)

बिबिधि बिरख बली फल फूल साखा (४९-१)
रचन चरित्र चित्र अनिक प्रकार है। (४९-२)
बरन बरन फल बहु बिधि स्वादरस (४९-३)
बरन बरन फूल बासना बिथार है। (४९-४)
बरन बरन मूल बरन बरन साखा (४९-५)
बरन बरन पत् सुगन अचार है। (४९-६)
बिबिधि बनासपति अंतरि अगनि जैसे (४९-७)
सकल संसार बिखै एकै एकंकार है ॥४९॥ (४९-८)

गुर सिख संधि मिले दृसटि दरस लिव (५०-१)
गुरमुखि ब्रह्म गिआन धिआन लिव लाई है। (५०-२)
गुर सिख संधि मिले सबद सुरति लिव (५०-३)
गुरमुखि ब्रह्म गिआन धिआन सुधि पाई है। (५०-४)
गुर सिख संधि मिले स्वामी सेवक हुइ (५०-५)
गुरमुखि निहकाम करनी कमाई है । (५०-६)

गुर सिख संधि मिले करनी सु गिआन धिआन (५०-७)
गुरमुखि प्रेम नेम सहज समाई है ॥५०॥ (५०-८)

गुरमुखि संधि मिले ब्रह्म धिआन लिव, (५१-१)
एकंकार कै आकार अनिक प्रकार है । (५१-२)
गुरमुखि संधि मिले ब्रह्म गिआन लिव (५१-३)
निरंकार ओअंकार बिबिधि बिथार है । (५१-४)
गुर सिख संधि मिले स्वामी सेव सेवक हुइ (५१-५)
ब्रह्म बिबेक प्रेम भगति अचार है । (५१-६)
गुरमुखि संध मिले परमदभुत गति (५१-७)
नेत नेत नेत नमो नमो नमस्कार है ॥५१॥ (५१-८)

गुरमुखि मन बच कर्म इकत्र भए (५२-१)
अंग अंग बिसम स्रबंग मै समाए है । (५२-२)
प्रेमरस अमृत निधान पान के मदोन (५२-३)
रसना थकत भई कहित न आए है। (५२-४)
जगमग प्रेम जोति अति अस्चरज मै (५२-५)
लोचन चकत भए हेरत हिराए है। (५२-६)
राग नाद बाद बिसमाद प्रेम धुनि सुनि (५२-७)
स्रवन सुरति बिलै बिलै बिलाए है॥५२॥ (५२-८)

गुरमुखि मन बच कर्म इकत्र भए (५३-१)
पूरन परमपद प्रेम प्रगटाए है । (५३-२)
लोचन मै दृसटि दरस रस गंध संधि (५३-३)
स्रवन सबद स्रुति गंध रस पाए है । (५३-४)
रसना मै रस गंध सबद सुरति मेल (५३-५)
नास बासु रस स्रु ति सबद लखाए है । (५३-६)
रोम रोम रसना स्रवन दृग नासा कोटि (५३-७)
खंड ब्रहमंड पिंड प्रान मै जताए है ।५३॥ (५३-८)

पूरन ब्रह्म आप आपन ही आपि साजि (५४-१)
आपन रचिओ है नउि आपि है बिचारि कै । (५४-२)
आदि गुर दुतीआ गोबिंद कहाइउ (५४-३)
गुरमुख रचना अकार ओअुंकार कै । (५४-४)
गुरमुखि नाद बेद गुरमुखि पावै भेद , (५४-५)

गुरमुखि लीलाधारी अनिक अउतार कै । (५४-६)
गुर गोबिंद अओ गोबिंद गुर एकमेक (५४-७)
ओतिपोति सूत्र गति अम्बर उचार कै ॥५४॥ (५४-८)

जैसे बीज बोइ होत बिरख बिथार गुर (५५-१)
पूरन ब्रह्म निरंकार एकंकार है । (५५-२)
जैसे एक बिरख सै होत है अनेक फल (५५-३)
तैसे गुर सिख साध संगति अकार है । (५५-४)
दरस धिआन गुर सबद गिआन गुर (५५-५)
निरगुन सरगुन ब्रह्म बीचार है । (५५-६)
गिआन धिआन ब्रह्म सथान सावधान साध (५५-७)
संगति प्रसंग प्रेम भगति उधार है ॥५५॥ (५५-८)

फल फूल मूल फल मूल फल फल मूल (५६-१)
आदि परमादि अरु अंत कै अनंत है । (५६-२)
पित सुत सुत पित सुत पित पित सुत (५६-३)
उतपति गति अति गूढ़ मूल मंत है । (५६-४)
पथिक बसेरा को निबेरा जिउ निकसि बैठ (५६-५)
इत उत वार पार सरिता सिधत है । (५६-६)
पूरन ब्रह्म गुर गोबिंद गोबिंद गुर (५६-७)
अबिगत गति सिमरत सिख संत है ॥५६॥ (५६-८)

गुरमुखि पंथ गहे जमपुरि पंथ मेटे (५७-१)
गुरसिख संग पंच दूत संग तिआगे है । (५७-२)
चरन सरनि गुर कर्म भर्म खोए (५७-३)
दरस अकाल काल कंटक भै भागे है । (५७-४)
गुर उपदेस वेस बज्र कपाट खुले (५७-५)
सबद सुरति मूरछत मन जागे है । (५७-६)
किंचत कटाछ कृपा सर्ब निधान पाए (५७-७)
जीवन मुकति गुर गिआन लिव लागे है ॥५७॥ (५७-८)

गुरमुखि पंथ सुख चाहत सकल पंथ (५८-१)
सकल दरस गुर दरस अधीन है । (५८-२)
सुर सुरसरि गुर चरन सरन चाहै (५८-३)
बेद ब्रहमादिक सबद लिवलीन है । (५८-४)

सर्ब गिअनि गुरु गिआन अवगाहन मै (५८-५)
सर्ब निधान गुर कृपा जल मीन है । (५८-६)
जोगी जोग जुगति मै भोगी भोग भुगति मै (५८-७)
गुरमुखि निजपद कुल अकुलीन है ॥५८॥ (५८-८)

उलटि पवन मन मीन की चपल गति (५९-१)
सुखमना संगम कै ब्रह्म सथान है । (५९-२)
सागर सलिल गहि गगन घटा घमंड (५९-३)
उनमन मगन लगन गुर गिआन है । (५९-४)
जोति मै जोती सरूप दामनी चमतकार (५९-५)
गरजत अनहद सबद नीसान है । (५९-६)
निझर अपार धार बरखा अमृत जल (५९-७)
सेवक सकल फल सर्ब ीनधान है ।५९॥ (५९-८)

लोगन मै लोगाचार बेदन मै बेद बिचार (६०-१)
लोग बेद बीस इकईस गुर गिआन है । (६०-२)
जोग मै न जोग भोग मै न खान पान (६०-३)
जोग भोगातीत उनमन उनमान है । (६०-४)
दृसट दरस धिआन सबद सुरति गिआन (६०-५)
गिआन धिआन लख प्रेम पर्म निधान है । (६०-६)
मन बच क्रम स्रम साधनाध्यातम क्रम (६०-७)
गुरमुख सुख सरबोतिम निधान है ॥६०॥ (६०-८)

सबद सुरति लिव धावत बरजि राखे (६१-१)
निहचल मति मन उनमन भीन है । (६१-२)
सागर लहरि गति आतम तरंग रंग (६१-३)
परमुदभुत परमारथ प्रबीन है । (६१-४)
गुरउपदेस निरमोलक रतन धन (६१-५)
पर्म निधान गुर गिआन लिवलीन है । (६१-६)
सबद सुरति लिव गुर सिख संधि मिले (६१-७)
सोहं हंसो एकामेक आपा आपु चीन है ॥६१॥ (६१-८)

सबद सुरति अवगाहन बिमल मति (६२-१)
सबद सुरति गुर गिआन को प्रगास है । (६२-२)
सबद सुरति सम दृसटि कै दिबि जोति (६२-३)

सबद सुरति लिव अनभै अभिआस है । (६२-४)
सबद सुरति परमारथ परमपद (६२-५)
सबद सुरति सुख सहज निवास है । (६२-६)
सबद सुरति लिव प्रेमरस रसिक हुइ (६२-७)
सबद सुरति लिव बिसम बिस्वास है ॥६२॥ (६२-८)

दृसटि दरस लिव गुर सिख संधि मिले (६३-१)
घट घटि कास जल अंतरि धिआन है । (६३-२)
सबद सुरति लिव गुर सिख संधि मिले (६३-३)
जंत्र धुनि जंत्री उनमन उनमान है । (६३-४)
गुरमुखि मन बच कर्म इकत्र भए (६३-५)
तन तृभवन गति गंमिता गिआन है । (६३-६)
एक अउ अनेक मेक ब्रह्म बिबेक टेक (६३-७)
स्रोत सरता समुंद्र आतम समान है ॥६३॥ (६३-८)

गुरमुखि मन बच कर्म इकत्र भए (६४-१)
परमदभुत गति अलख लखाए है । (६४-२)
अंतर धिआन दिब जोत को उदोतु भइओ (६४-३)
तृभवन रूप घट अंतरि दिखाए है । (६४-४)
पर्म निधान गुर गिआन को प्रगासु भइओ (६४-५)
गंमिता तृकाल गति जतन जताए है । (६४-६)
आतम तरंग प्रेमरस मध पान मत (६४-७)
अकथ कथा बिनोद हेरत हिराए है ॥६४॥ (६४-८)

बिनु रस रसना बकत जी बहुत बातै (६५-१)
प्रेमरस बसि भए मोनिब्रत लीन है । (६५-२)
प्रेमरस अमृत निधान पान कै मदोन (६५-३)
अंतर धिआन दृग दुतीआ न चीन है । (६५-४)
प्रेम नेम सहज समाधि अनहद लिव (६५-५)
दुतीआ सबद स्रवनंतरि न कीन है । (६५-६)
बिसम बिदेह जग जीवन मुकति भए (६५-७)
तृभवन अउ तृकाल गंमिता प्रबीन है ॥६५॥ (६५-८)

सकल सुगंधता मिलत अरगजा होत (६६-१)
कोटि अरगजा मिलि बिसम सुबास कै। (६६-२)

सकल अनूप रूप कमल बिखै समात (६६-३)
हेरत हिरात कोटि कमला प्रगास कै । (६६-४)
सर्ब निधान मिलि पर्म निधान भए (६६-५)
कोटिक निधान हुइ चकित बिलास कै । (६६-६)
चरन कमल गुर महिमा अगाधि बोधि (६६-७)
गुरसिख मधुकर अनभै अभिआस कै ॥६६॥ (६६-८)

रतन पारख मिलि रतन परीखा होत (६७-१)
गुरमुखि हाट साट रतन बिउहार है । (६७-२)
मानक हीरा अमोल मनि मकताहल कै (६७-३)
गाहक चाहक लाभ लभति अपार है । (६७-४)
सबद सुरति अवगाहन बिसाहन कै (६७-५)
पर्म निधान प्रेम नेम गुरदुआर है । (६७-६)
गुरसिख संधि मिलि संगम समागम कै (६७-७)
माइआ मै उदास भव तरत संसार है ॥६७॥ (६७-८)

चरन कमल मकरंद रस लुभित हुइ (६८-१)
निज घर सहज समाधि लिव लागी है । (६८-२)
चरन कमल मकरंद रस लुभित हुइ (६८-३)
गुरमति रिदै जगमग जोति जागी है । (६८-४)
चरन कमल मकरंद रस लुभित हुइ (६८-५)
अमृत निधान पान दुरमति भागी है । (६८-६)
चरन कमल मकरंद रस लुभित हुइ (६८-७)
माइआ मै उदास बास बिरलो बैरागी है ॥६८॥ (६८-८)

जैसे नाउ बूडत सै जोई निकसै सोई भलो (६९-१)
बूडि गए पाछे पछताइओ रहि जात है । (६९-२)
जैसे घर लागे आगि जोई भचै सोई भलो (६९-३)
जरि बुझे पाछे कछु बसु न बसात है । (६९-४)
जैसे चोर लागे जागे जोई रहै सोई भलो (६९-५)
सोइ गए रीतो घर देखै उठि प्रात है । (६९-६)
तैसे अंत काल गुर चरन सरनि आवै (६९-७)
पावै मोख पदवी नातर बिललात है ॥६९॥ (६९-८)

अंत काल एक घरी निग्रह कै सती होइ (७०-१)

धंनि धंनि कहत है सकल संसार जी । (७०-२)
अंत काल एक घरी निग्रह कै जोधा जूझै (७०-३)
इत उत जत कत होत जै जै कार जी । (७०-४)
अंत काल एक घरी निग्रह कै चोरु मरै (७०-५)
फासी कै सूरी चढाए जग मै धिकार जी । (७०-६)
तैसे दुरमति गुरमति कै असाध साध (७०-७)
संगति सुभाव गति मानस अउतार जी ॥७०॥ (७०-८)

आदि कै अनादि अर अंति कै अनंत अति (७१-१)
पार कै अपार न अथाह थाह पाई है । (७१-२)
मिति कै अमिति अर संख् कै असंख पुनि (७१-३)
लेख कै अलेख नही तौल कै तौलाई है । (७१-४)
अर्ध उरध परजंत कै अपार जंत (७१-५)
अगम अगोचर न मोल कै मुलाई है । (७१-६)
परमदभुत अस्चरज बिसम अति (७१-७)
अबिगति गति सतिगुर की बडाई है ॥७१॥ (७१-८)

चरन सरनि गुर तीर्थ पुरब कोटि (७२-१)
देवी देव सेव गुर चरनि सरन है । (७२-२)
चरन सरनि गुर कामना सकलफल (७२-३)
रिधि सिधि निधि अवतार अमरन है । (७२-४)
चरन सरनि गुर नाम निहकाम धाम (७२-५)
भगति जुगति करि तारन तरन है । (७२-६)
चरन सरनि गुर महिमा अगाधि बोध (७२-७)
हरन भरन गति कारन करन है ॥७२॥ (७२-८)

गुरसिख एकमेक रोम महिमा अनंत (७३-१)
अगम अपार गुर महिमा निधान है । (७३-२)
गुरसिख एकमेक बोल को न तोल मोल (७३-३)
स्रीगुर सबद अगमिति गिआन धिआन है । (७३-४)
गुरसिख एकमेक दृसटि दृसटि तारै (७३-५)
स्रीगुर कटाछ कृपा को न परमान है । (७३-६)
गुरसिख एकमेक पल संग रंग रस (७३-७)
अबिगति गति सतिगुरनिरबान है ॥७३॥ (७३-८)

बरन बरन बहु बरन घटा घमंड (७४-१)
बसुधा बिराजमान बरखा अनंद कै । (७४-२)
बरन बरन हुइ प्रफुलित बनासपती (७४-३)
बरन बरन फल फूल मूलकंद कै । (७४-४)
बरन बरन खग बिबिध भाखा प्रगास (७४-५)
कुसम सुगंध पउन गउन सीत मंद कै । (७४-६)
रवन गवन जल थन तृन सोभा निधि (७४-७)
सफल हुइ चरन कमल मकरंद कै ॥७४॥ (७४-८)

चीटी कै उदर बिखै हसती समाइ कैसे (७५-१)
अतुल पहार भार भ्रिंगीन उठावई । (७५-२)
माछर कै डंग न मरत है बसित नागु (७५-३)
मकरी न चीतै जीतै सरि न पूजावई । (७५-४)
तमचर उडत न पहूचै आकास बास (७५-५)
मूसा तउ न पैरत समुंद्र पार पावई । (७५-६)
तैसे पृअ प्रेम नेम अगम अगाधि बोधि (७५-७)
गुरमुखि सागर जिउ बूंद हुइ समावई ॥७५॥ (७५-८)

सबद सुरति अवगाहन कै साध संगि (७६-१)
आतम तरंग गंग सागर लहरिहै । (७६-२)
अगम अथाहि आहि अपर अपार अति (७६-३)
रतन प्रगास निधि पूरन गहरि है । (७६-४)
हंस मरजीवा गुन गाहक चाहक संत (७६-५)
निस दिन घटिका महूरत पहरहै । (७६-६)
स्वाँत बूंद बरखा जिउ गवन घटा घमंड (७६-७)
होत मुकताहल अउ नर नरहर है ॥७६॥ (७६-८)

सबद सुरति लिव जोत को उदोत भइओ (७७-१)
तृभवन अउ तृकाल अंतरि दिखाए है । (७७-२)
सबद सुरति लिव गुरमति को प्रगास (७७-३)
अकथ कथा बिनोद अलख लखाए है । (७७-४)
सबद सुरति लिव निझर अपार धार (७७-५)
प्रेमरस रसिक हुइ अपीआ पीआए है । (७७-६)
सबद सुरति लिव सोहं सोह अजपा जाप (७७-७)
सहज समाधि सुख समए है ॥७७॥ (७७-८)

आधि कै बिआधि कै उपाधि कै तृदोख हुते (७८-१)
गुरसिख साध गुर बैद पै लै आए है । (७८-२)
अंमित कटाछ पेख जनम मरन मेटे (७८-३)
जोन जम भै निवारे अभै पद पाए है । (७८-४)
चरन कमल मकरंद रज लेपन कै (७८-५)
दीखिआ सीखिआ संजम कै अउखद खवाए है । (७८-६)
कर्म भर्म खोए धावत बरजि राखे (७८-७)
निहचल मति सुख सहज समाए है ।७८॥ (७८-८)

बोहिथि प्रवेस भए निरभै हुइ पारगामी (७९-१)
बोहिथ समीप बूडि मरत अभागे है । (७९-२)
चंदन समीप द्रु गंध सो सुगंध होहि (७९-३)
दुरंतर तर मारुत न लागे है । (७९-४)
सिहजा संजोग भोग नारि गरहारि होत (७९-५)
पुरख बिदेसि कुलदीपक न जागे है । (७९-६)
स्री गुरू कृपा निधान सिमरन गिआन धिआन (७९-७)
गुरमुख सुखफल पल अनुरागे है ।७९॥ (७९-८)

चरन कमल के महातम अगाधि बोधि (८०-१)
अति असचरज मै नमो नमो नम है । (८०-२)
कोमल कोमलता अउ सीतल सीतलता कै (८०-३)
बासना सुबासु तासु दुतीआ न सम है । (८०-४)
सहज समाधि निजआसन सिंघासन (८०-५)
स्वाद बिसमाद रस गंमित अगम है । (८०-६)
रूप कै अनूप रूप मन मनसा बकत (८०-७)
अकथ कथा बिनोद बिसमै बिसम है ॥८०॥ (८०-८)

सतिगुर दरसन सबद अगाधि बोध (८१-१)
अबिगति गति नेत नेत नमो नमोहै । (८१-२)
दरस धिआन अरु सबद गिआन लिव (८१-३)
गुप्त प्रगट ठट पूरन ब्रह्म है । (८१-४)
निरगुन सरगुन कुसमावली सुगंधि (८१-५)
एक अउ अनेक रूप गमिता अगम है । (८१-६)
परमदभुत अचरजै अस्चरजमै (८१-७)

अकथ कथा अलख बिसमे बिसम है ॥८१॥ (८१-८)

सतिगुर दरस धिआन गिआन अंजम कै (८२-१)
मित्र सत्रता निवारी पूरन ब्रह्म है । (८२-२)
गुर उपदेस परवेस आदि कउ आदेस (८२-३)
उसतति निंदा मेटि गंमिता अगम है । (८२-४)
चरन सरनि गहे धावत बरजि राखे (८२-५)
आसा मनसा थकत सफल जनम है । (८२-६)
साधु संगि प्रेम नेम जीवनमुकति गति (८२-७)
काम निहकाम निहकरम कर्म है ॥८२॥ (८२-८)

सतिगुर देव सेव अलख अभेव गति (८३-१)
सावधान साध संग सिमरन मात्र कै । (८३-२)
पतित पुनीत रीति पारस करै मनूर (८३-३)
बाँसु मै सुबास दै कुपात्रहि सुपात्र कै । (८३-४)
पतित पुनीत करि पावन पवित्र कीने (८३-५)
पारस मनूर बाँस बासै द्रुम जात्र कै । (८३-६)
सरिता समुंद्र साध संगि तृखावत जीअ (८३-७)
कृपाजल दीजै मोहि कंठ छेद चात्रके ॥८३॥ (८३-८)

बीसके बरतमान भए न सुबासु बाँसु (८४-१)
हेम न भए मनूर लोग बेद गिआन है । (८४-२)
गुरमुखि पंथ इकईस को बरतमान (८४-३)
चंदन सुबासु बाँस बासै द्रुम आन है । (८४-४)
कंचन मनूर होइ पारस परस भेटि (८४-५)
पारस मनूर करै अउर ठउर मान है । (८४-६)
गुरसिख साध संग पतित पुनीति रीति, (८४-७)
गुरसिख संध मिले गुरसिख जानि है ॥८४॥ (८४-८)

चरन सरनि गुर भई निहचल मति (८५-१)
मन उनमन लिव सहज समाए है । (८५-२)
दृसटि दरस अरु सबद सुरति मिलि (८५-३)
परमदभुत प्रेम नेम उपजाए है । (८५-४)
गुरसिख साधसंग रंग हुइ तम्बोल रस (८५-५)
पारस परसि धातु कंचन दिखाए है । (८५-६)

चंदन सुगंध संध बासना सुबास तास (८५-७)
अकथ कथा बिनोद कहत न आए है ।८५॥ (८५-८)

प्रेमरस अमृत निधान पान पूरन हुइ (८६-१)
अकथ कथा बिनोद न आए है । (८६-२)
गिआन धिआन सिआन सिमरन बिसमरन कै (८६-३)
बिसम बिदेह बिसमाद बिसमाए है । (८६-४)
आदि परमादि अरु अंत कै अनंत भए (८६-५)
थाह कै अथाह न अपार पार पाए है । (८६-६)
गुर सिख संधि मिले बीस इकईस ईस (८६-७)
सोहं सोई दीपक सै दीपक जगाइ है ॥८६॥ (८६-८)

सतिगुर चरन सरनि चलि जाए सिख (८७-१)
ता चरन सरनि जगतु चलि आवई । (८७-२)
सतिगुर आगिआ सति सति करि मानै सिख (८७-३)
आगिआ ताहि सकल संसारहि हितावई । (८७-४)
सतिगुर सेवा भाइ प्रान पूजा करै सिख (८७-५)
सर्ब निधान अग्रभागि लिव लावई । (८७-६)
सतिगुर सीखिआ दीखिआ हिरदे प्रवेस जाहि (८७-७)
ताकी सीख सुनत परमपद पावई ।८७॥ (८७-८)

गुरसिख साधसंग रंग मै रंगीले भए (८८-१)
बारनी बिगंध गंग संग मिलि गंग है । (८८-२)
सुरसुरी संगम हुइ प्रबल प्रवाह लिव (८८-३)
सागर अथाह सतिगुर संग संगि है । (८८-४)
चरन कमल मकरंद निहचल चित (८८-५)
दरसन सोभा निधि लहरि तरंग है । (८८-६)
अनहदसबद कै सरबि निधान दान (८८-७)
गिआन अंस हंस गति सुमति स्रबंग है ॥८८॥ (८८-८)

गुरमुखि मारग हुइ दुबिधा भर्म खोए (८९-१)
चरन सरनि गहे निज घरि आए है । (८९-२)
दरस दरसि दिबि दृसटि प्रगास भई (८९-३)
अमृत कटाछ कै अमरपद पाए है । (८९-४)
सबद सुरति अनहद निझर झरन (८९-५)

सिमरन मंत्र लिव उनमन छाए है । (८९-६)
मन बच क्रम हुइ इकत्र गुरमुख सुख (८९-७)
प्रेम नेम बिसम बिस्वास उपजाए है ॥८९॥ (८९-८)

गुरमुखि आपा खोइ जीवनमुकति गति (९०-१)
बिसम बिदेह गेह समत सुभाउ है । (९०-२)
जनम मरन सम नरक सुरग अरु (९०-३)
पुंन पाप सम्पति बिपति चिंता चाउ है । (९०-४)
बन ग्रह जोग भोग लोग बेद गिआन धिआन (९०-५)
सुख दुख सोगानंद मित्र सत्र ताउ है । (९०-६)
लोसट कनिक बिखु अमृत अगन जल (९०-७)
सहज समाधि उनमन अनुराउ है ॥९०॥ (९०-८)

सफल जनम गुरमुखि हुइ जनम जीतिओ (९१-१)
चरन सफल गुर मारग रवन कै । (९१-२)
लोचन सफल गुर दरसा वलोकन कै (९१-३)
मसतक सफल रज पद गवन कै । (९१-४)
हसत सफल नम सतगुर बाणी लिखे (९१-५)
सुरति सफल गुर सबद स्रवन कै । (९१-६)
संगति सफल गुरसिख साध संगम कै (९१-७)
प्रेम नेम गंमिता तृकाल तृभवन कै ॥९१॥ (९१-८)

चरन कमल मकरंद रस लुभित हुइ (९२-१)
सहज समाधि सुख सम्पट समाने है । (९२-२)
भैजल भइआनक लहरि न बिआपि सकै (९२-३)
दुबिधा निवारि एक टेक ठहराने है । (९२-४)
दृसटि सबद सुरति बरजि बिसरजत (९२-५)
प्रेम नेम बिसम बिस्वास उर आने है । (९२-६)
जीवनमुकति जगजीवन जीवन मूल (९२-७)
आपा खोइ होइ अपरम्पर परानै है ॥९२॥ (९२-८)

सरिता सरोवर सलिल मिल एक भए (९३-१)
एक मै अनेक होत कैसे निरवारो जी । (९३-२)
पान चूना काथा सुपारी खाए सुरंग भए (९३-३)
बहुरि न चतुर बरन बिसथारो जी । (९३-४)

पारस परति होत कनिक अनिक धात (९३-५)
कनिक मै अनिक न होत गोताचारो जी । (९३-६)
चंदन सुबासु कै सुबासना बनासपती (९३-७)
भगत जगत पति बिसम बीचारो जी ॥९३॥ (९३-८)

चतुर बरन मिलि सुरंग तम्बेल रस (९४-१)
गुरसिख साधसंग रंग मै रंगीले है । (९४-२)
खाँड घ्रित चून जल मिले बिंजनादि स्वाद (९४-३)
प्रेमरस अमृत मै रसिक रसीले है । (९४-४)
सकल सुगंध सनबंध अरगजा होइ (९४-५)
सबद सुरति लिव बासना बसीले है । (९४-६)
पारस परसि जैसे कनिक अनिक धातु (९४-७)
दिबि देह मन उनमन उनमीले है ॥९४॥ (९४-८)

पवन गवन जैसे गुडीआ उडत रहै (९५-१)
पवन रहत गुडी उडि न सकत है । (९५-२)
डोरी की मरोरि जैसे लटूआ फिरत रहै (९५-३)
ताउ हाउ मिटै गिरि परै हुइ थकत है । (९५-४)
कंचन असुध जिउ कुठारी ठहरात नही (९५-५)
सुध भए निहचल छबि कै छकत है । (९५-६)
दुरमति दुबिधा भ्रमत चतुर कुंट (९५-७)
गुरमति एक टेक मोनि न बकत है ॥९५॥ (९५-८)

प्रेमरस अमृत निधान पान पूरन होइ (९६-१)
परमदभुत गति आतम तरंग है । (९६-२)
इत ते दृसटि सुरति सबद बिसरजत (९६-३)
उत ते बिसम असुचरज प्रसंग है । (९६-४)
देखै सु दिखावै कैसे सुनै सु सुनावै कैसे (९६-५)
चाखे सो बतावे कैसे राग रस रंग है । (९६-६)
अकथ कथा बिनोद अंग अंग थकत हुइ (९६-७)
हेरत हिरानी बूंद सागर स्रबंग है ॥९६॥ (९६-८)

साधसंग गंग मिलि स्रीगुर सागर मिले (९७-१)
गिआन धिआन पर्म निधान लिव लीन है । (९७-२)
चरन कमल मकरंद मधुकर गति (९७-३)

चंद्रमा चकोर गुर धिआन रस भीन है । (९७-४)
सबद सुरति मुकताहल अहार हंस (९७-५)
प्रेम परमारथ बिमल जल मीन है । (९७-६)
अंमित कटाछ अमरापद कृपा कृपाल, (९७-७)
कमला कलपतर कामधेनाधीन है ॥९७॥ (९७-८)

एक ब्रहमाँड के बिथार की अपार कथा (९८-१)
कोटि ब्रहमाँड को नाइकु कैसे जानीऐ । (९८-२)
घटि घटि अंतरि अउ सर्ब निरंतरि है (९८-३)
सूखम सथूल मूल कैसे पहिचानीऐ । (९८-४)
निरगुन अदृसट सृसटि मै नाना प्रकार (९८-५)
अलख लखिओ न जाइ कैसे उरि आनीऐ । (९८-६)
सतिरूप सतिनाम सतिगुर गिआन धिआन (९८-७)
पूरन ब्रह्म सरबातम कै मानीऐ ॥९८॥ (९८-८)

पूरन ब्रह्म गुर पूरन सरबमई (९९-१)
पूरन कृपा कै परपूरन कै जानीऐ । (९९-२)
दरस धिआन लिव एक अउ अनेक मेक (९९-३)
सबद बिबेक टेक एकै उर आनीऐ । (९९-४)
दृसटि दरस अरु सबद सुरति मिलि (९९-५)
पेखता बकता स्रोता एकै पहिचानीऐ । (९९-६)
सूखम सथूल मूल गुप्त प्रगट ठट (९९-७)
नटवट सिमरन मंत्र मनु मानीऐ ॥९९॥ (९९-८)

नहीं ददसार पित पितामा परपितामा (१००-१)
सुजन कुटम्ब सुत बाधव न भ्राता है । (१००-२)
नही ननसार माता परमाता बिरधि परमाता (१००-३)
मामू मामी मासी औ मौसा बिबिध बिख्राता है । (१००-४)
नही ससुरार सासु सुसरा सारो अउ सारी (१००-५)
नही बिरतीसुर मै जाचिक न दाता है । (१००-६)
असन बसन धन धाम काहू मै न देखिओ (१००-७)
जैसा गुरसिख साधसंगत को नाता है ॥१००॥ (१००-८)

जैसे माता पिता पालक अनेक सुत (१०१-१)
अनक सुतन पै न तैसे होइ न आवई । (१०१-२)

जैसे माता पिता चित चाहत है सुतन कउो (१०१-३)
तैसे न सुतन चित चाह उपजावई । (१०१-४)
जैसे माता पिता सुत सुख दुख सोगानंद (१०१-५)
दुख सुख मै न तैसे सुत ठहरावई । (१०१-६)
जैसे मन बच क्रम सिखनु लुडावै गुर (१०१-७)
तैसे गुर सेवा गुरसिख न हितावई ॥१०१॥ (१०१-८)

जैसे कछप धरि धिआन सावधान करै (१०२-१)
तैसे माता पिता प्रीति सुतु न लगावई । (१०२-२)
जैसे सिमरन करि कूंज परपक करै (१०२-३)
तैसो सिमरनि सुत पै न बनि आवई । (१०२-४)
जैसे गऊ बछरा कउ दुगध पीआँइ पोखै (१०२-५)
तैसे बछरा न गऊ प्रीति हितु लावई । (१०२-६)
तैसे गिआन धिआन सिमरन गुरसिख प्रति (१०२-७)
तैसे कैसे सिख गुर सेवा ठहरावई ॥१०२॥ (१०२-८)

जैसे मात पिता केरी सेवा सरवन कीनी (१०३-१)
सिख बिरलोई गुर सेवा ठहरावई । (१०३-२)
जैसे लछमन रघुपति भाइ भगत मै (१०३-३)
कोटि मधे काहू गुरभाई बनि आवई । (१०३-४)
जैसे जल बरन बरन सरबंग रंग (१०३-५)
बिरलो बिबेकी साध संगति समावई । (१०३-६)
गुर सिख संधि मिले बीस ,इकईस ईस (१०३-७)
पूरन कृपा कै काहू अलख लखावई ॥१०३॥ (१०३-८)

लोचन धिआन सम लोसट कनिक ताकै (१०४-१)
स्रवन उसतति निंदा समसरि जानीऐ । (१०४-२)
नासका सुगंध बिरगंध समतुलि ताकै (१०४-३)
रिदै मित्र सत्र समसरि उनमानीऐ । (१०४-४)
रसन सुआद बिख अंम्म्रितु समानि ताकै (१०४-५)
कर सपरस जल अगनि समानीऐ । (१०४-६)
दुख सुख समसरि बिआपै न हरख सोगु (१०४-७)
जीवनमुकति गति सतिगुर गिआनीऐ ॥१०४॥ (१०४-८)

चरन सरनि गहे निजघरि मै निवास (१०५-१)

आसा मनसा थकत अनत न धावई । (१०५-२)
दरसन मात्र आन धिआन मै रहत होइ (१०५-३)
सिमरन आन सिमरन बिसरावई । (१०५-४)
सबद सुरति मोनिब्रत कउ प्रापति होइ (१०५-५)
प्रेमरस अकथ कथा न कहि आवई । (१०५-६)
किंचत कटाछ कृपा पर्म निधान दान (१०५-७)
परमदभुत गति अति बिसमावई ॥१०५॥ (१०५-८)

सबद सुरति आपा खोइ गुरदासु होइ (१०६-१)
बरतै बरतमानि गुर उपदेस कै । (१०६-२)
होनहार होई जोई जोई सोई सोई भलो (१०६-३)
पूरन ब्रह्म गिआन धिआन परवेस कै । (१०६-४)
नाम निहकाम धाम सहज सुभाइ चाइ (१०६-५)
प्रेमरस रसिक हुइ अम्म्रत अवेस कै । (१०६-६)
सतिरूप सतिनाम सतिगुर गिआन धिआन (१०६-७)
पूरन सरबमई आदि कउ अदेस कै ॥१०६॥ (१०६-८)

सबद सुरति आपा खोइ गुरदासु होइ (१०७-१)
बाल बुधि सुधि न करत मोह द्रोह की । (१०७-२)
स्रवन उसतति निंदा समतुल सुरति लिव (१०७-३)
लोचन धिआन लिव कंचन अउ लोह की । (१०७-४)
नासका सुगंध बिरगंध समसरि ताकै (१०७-५)
जिहबा समानि बिख अमृत न बोह की । (१०७-६)
कर चर कर्म अकर्म अपथ पथ (१०७-७)
किरति बिरति सम उकति न द्रोहकी ॥१०७॥ (१०७-८)

सबद सुरति आपा खोइ गुरदासु होइ (१०८-१)
सर्ब मै पूरन ब्रह्मु करि मानीऐ । (१०८-२)
कासट अगनि माला सूत्र गोरस गोबंस (१०८-३)
एक अउ अनेक को बिबेक पहचानीऐ । (१०८-४)
लोचन स्रवन मुख नासका अनेक सोत्र (१०८-५)
देखै सुनै बोलै मन मैक उर आनीऐ । (१०८-६)
गुर सिख संध मिले सोहं सोही ओतिपोति (१०८-७)
जोती जोति मिलत जोती सरूप जानीऐ ॥१०८॥ (१०८-८)

गाँडा मै मिठासु तास छिलका न लीओ जाइ (१०६-१)
दारम अउ दाख बिखै बीजु गहि डारीऐ । (१०६-२)
आँब खिरनी छहारा माझ गुठली कठोर (१०६-३)
खरबूजा अउ कलीदा सजल बिकारीऐ । (१०६-४)
मधुमाखी मै मलीन समै पाइ सफल हुइ (१०६-५)
रस बस भए नही तृसना निवारीऐ । (१०६-६)
स्रीगुर सबद रस अमृत निधान पान (१०६-७)
गुरसिख साध संगि जनमु सवारीऐ ॥१०६॥ (१०६-८)

सलिल मै धरनि धरनि मै सलिल जैसे (११०-१)
कूप अनरूप कै बिमल जल छाए है । (११०-२)
ताही जल माटी कै बनाई घटिका अनेक (११०-३)
एकै जलु घट घट घटिका समाए है । (११०-४)
जाही जाही घटिका मै दृसटी कै देखीअत (११०-५)
पेखीअत आपा आपु आन न दिखाए है । (११०-६)
पूरन ब्रह्म गुर एकंकार के अकार (११०-७)
ब्रह्म बिबेक एक टेक ठहराए है ॥११०॥ (११०-८)

चरन सरनि गुर एक पैडा जाइ चल (१११-१)
सति गुर कोटि पैडा आगे होइ लेत है । (१११-२)
एक बार सतिगुर मंत्र सिमरन मात्र (१११-३)
सिमरन ताहि बारम्बार गुर हेत है । (१११-४)
भावनी भगति भाइ कउडी अग्रभागि राखै (१११-५)
ताहि गुर सर्ब निधान दान देत है । (१११-६)
सतिगुर दइआ निधि महिमा अगाधि बोधि (१११-७)
नमो नमो नमो नेत नेत नेत है ॥१११॥ (१११-८)

प्रेमरस अमृत निधान पान पूरन हुइ (११२-१)
उनमन उनमत बिसम बिस्वास है । (११२-२)
आतम तरंग बहु रंग अंग अंग छबि (११२-३)
अनिक अनूप रूप उप को प्रगास है । (११२-४)
स्वाद बिसमाद बहु बिबिधि सुरस सर्ब (११२-५)
राग नाद बाद बहु बासना सुबास है । (११२-६)
परमदभुत ब्रहमासन सिंघासन मै (११२-७)
सोभा सभा मंडल अखंडल बिलास है ॥११२॥ (११२-८)

ब्रिथावंतै जंतै जैसे बैद उपचारु करै (११३-१)
ब्रिथा बृताँतु सुनि हरै दुख रोग कउ । (११३-२)
जैसे माता पिता हित चित कै मिलत सुतै (११३-३)
खान पान पोखि तोखि हरत है सोग कउ । (११३-४)
बिरहनी बनिता कउ जैसे भरतारु मिलै (११३-५)
प्रेमरस कै हरत बिरह बिओग कउ । (११३-६)
तैसे ही बिबेकी जन परउपकार हेत (११३-७)
मिलत सलिल गति सहज संजोग कउ॥११३॥ (११३-८)

ब्रिथावंते बैद रूप जाचिक दातार गति (११४-१)
गाहकै बिआपारी होइ मात पिता पूत कउ । (११४-२)
नार भिरतार बिधि मित्र मित्रताई रूप (११४-३)
सुजन कुटम्ब सखा भाइ चाइ सूत कउ । (११४-४)
लोगन मै लोगाचार बेद कै बेद बीचार (११४-५)
गिआन गुर एकंकार अवधूत अवधूत कउ । (११४-६)
बिरलो बिबेकी जन परउपकार हेति (११४-७)
मिलत सलिल गति रंग स्रबंग भूत कउ ॥११४॥ (११४-८)

दरसन धिआन दिबि देह कै बिदेह भए (११५-१)
दृग दृब दृसटि बिखै भाउ भगति चीन है । (११५-२)
अधिआतम कर्म करि आतम प्रवेस (११५-३)
परमातम प्रवेस सरबातम लिउलीन है । (११५-४)
सबद गिआन परवान हुइ निधान पाए (११५-५)
परमारथ सबदारथ प्रबीन है । (११५-६)
ततै मिले तत जोती जोति कै पर्म जोति (११५-७)
प्रेमरस बसि भए जैसे जल मीन है ॥११५॥ (११५-८)

अधिआतम कर्म परमातम पर्म पद (११६-१)
ततु मिलि ततहि परमतत वासी है । (११६-२)
सबद बिबेक टेक एक ही अनेकमेक (११६-३)
जंत्र धुनि राग नाद अनभै अभिआसी है । (११६-४)
दरस धिआन उनमान प्रानपति (११६-५)
अबिगति गति अति अलख बिलासी है । (११६-६)
अमृत कटाछ दिबि देह कै बिदेह भए (११६-७)

जीवनमुकति कोऊ बिरलो उदासी है ॥११६॥ (११६-८)

सुपन चरित्र चित्र जागत न देखीअत (११७-१)
तारका मंडल परभाति न दिखाईऐ। (११७-२)
तरवर छाइआ लघु दीरघ चपल बल (११७-३)
तीर्थ पुरब जात्रा थिर न रहाईऐ। (११७-४)
नदी नाव को संजोग लोग बहरिओ न मिलै (११७-५)
गंध्रब नगर मृग तृसना बिलाईऐ । (११७-६)
तैसे माइऐ मोह ध्रोह कुटम्ब सनेह देह (११७-७)
गुरमुखि सबद सुरति लिव लाईऐ ॥११७॥ (११७-८)

नैहर कुआरि कंनिआ लाडिली कै मानीअति (११८-१)
बिआहे ससुरार जाइ गुननु कै मानीऐ । (११८-२)
बनज बिउहार लगि जात है बिदेसि प्रानी (११८-३)
कहीए सपूत लाभ लभत कै आनीऐ । (११८-४)
जैसे तउ संग्राम समै परदल मै अकेलो जाइ (११८-५)
जीति आवै सोई सूरो सुभटु बखानीऐ । (११८-६)
मानस जनमु पाइ चरनि सरनि गुर (११८-७)
साधसंगति मिलै गुरदुआरि पहिचानीऐ ॥११८॥ (११८-८)

नैहर कुटम्ब तजि बिआहे ससुररि जाइ (११९-१)
गुननु कै कुलाबधू बिरद कहावई । (११९-२)
पुरन पतिब्रति अउ गुरजन सेवा भाइ (११९-३)
गृह मै गृहसुरि सुजसु प्रगटावई । (११९-४)
अंतकालि जाइ पृअ संगि सहिगामनी हुइ (११९-५)
लोक परलोक बिखै ऊच पद पावई । (११९-६)
गुरमुख मारग भै भाइ निरबाहु करै (११९-७)
धन्न गुरसिख आदि अंत ठहरावई ॥११९॥ (११९-८)

जैसे नृप धाम भाम एक सै अधिक एक (१२०-१)
नाइक अनेक राजा सबनु लडावई । (१२०-२)
जनमत जाकै सुतु वाही कै सुहागु भागु (१२०-३)
सकल रानी मै पटरानी सो कहावई । (१२०-४)
असन बसन सिहजासन संजोगी सबै (१२०-५)
राज अधिकारु तउ सपूती गृह आवई । (१२०-६)

गुरसिख सबै गुरु चरनि सरनि लिव (१२०-७)
गुरसिख संधि मिले निजपदु पावई ॥१२०॥ (१२०-८)

तुस मै तंदुल बोइ निपजै सहंस्र गुनो (१२१-१)
देह धारि करत है परउपकार जी । (१२१-२)
तुस मै तंदुल निरबिघन लागै न घुनु (१२१-३)
राखे रहै चिरंकाल होत न बिकार जी । (१२१-४)
तुख सै निकसि होइ भगन मलीन रूप (१२१-५)
स्वाद करवाइ राधे रहै न संसार जी । (१२१-६)
गुर उपदेस गुरसिख गृह मै बैरागी (१२१-७)
गृह तजि बन खंड होत न उधार जी ॥१२१॥ (१२१-८)

हरदी अउ चूना मिलि अरुन बरन जैसे (१२२-१)
चतुर बरन कै तम्बोल रस रूप है । (१२२-२)
दूध मै जावनु मिलै दधि कै बखानीअत (१२२-३)
खाँड घ्रित चून मिलि बिंजन अनूप है । (१२२-४)
कुसम सुगंध मिलि तिल सै फुलेल होत (१२२-५)
सकल सुगंध मिलि अरगजा धूप है । (१२२-६)
दोइ सिख साधसंगु पंच परमेसर है (१२२-७)
दस बीस तीस मिले अबिगति ऊप है ॥१२२॥ (१२२-८)

एक ही गोरस मै अनेक रस को प्रगास (१२३-१)
दहिओ महिओ माखनु अउ घ्रित उनमानीऐ । (१२३-२)
एक ही उखारी मै मिठास को निवास गुड़ु (१२३-३)
खाँड मिसरी अउ कलीकंद पहिचानीऐ । (१२३-४)
एक ही गेहू सै होत नाना बिंजनाद स्वाद (१२३-५)
भूने भीजे पीसे अउ उसेई बिबिधानीऐ । (१२३-६)
पावक सलिल एक एकहि गुन अनेक (१२३-७)
पंच कै पंचाम्रत साधसंगु जानीऐ ॥१२३॥ (१२३-८)

खाँड घ्रित चून जल पावक इकत्र भए (१२४-१)
पंच मिलि प्रगट पंचाम्रत प्रगास है । (१२४-२)
मृगमद गउरा चोआ चंदन कुसम दल (१२४-३)
सकल सुगंध कै अरगजा सोबास है । (१२४-४)
चतुर बरन पान चूना अउ सुपारी काथा (१२४-५)

आपा खोइ मिलत अनूप रूप तास है । (१२४-६)
तैसे साधसंगति मिलाप को प्रतापु ऐसो (१२४-७)
सावधान पूरन ब्रह्म को निवास है ॥१२४॥ (१२४-८)

सहज समाधि साधसंगति मै साचुखंड (१२५-१)
सतिगुर पूरन ब्रह्म को निवास है । (१२५-२)
दरस धिआन सरगुन अकाल मूरति (१२५-३)
पूजा फुल फल चरनाम्रत बिस्वास है । (१२५-४)
निरंकार चार परमारथ परमपद (१२५-५)
सबद सुरति अवगाहन अभिआस है । (१२५-६)
सर्ब निधान दान दइक भगति भाइ (१२५-७)
काम निहकाम धाम पूरन प्रगास है ॥१२५॥ (१२५-८)

सहज समाधि साधसंगति सुकृत भूमी (१२६-१)
चित चितवत फल प्रापति उधार है । (१२६-२)
बजर कपाट खुले हाट साधसंगति मै (१२६-३)
सबद सुरति लाभ रात बिउहार है । (१२६-४)
साधुसंगि ब्रह्म सथान गुरदेव सेव (१२६-५)
अलख अभेव परमारथ आचार है । (१२६-६)
सफल सुखेत हेत बनत अमिति लाभ (१२६-७)

सेवक सहाई बरदाई उपकार है ॥१२६॥ (१२७-१)
गुरमुखि साध चरनाम्रत निधान पान (१२७-२)
काल मै अकाल काल बिआल बिखु मारीऐ । (१२७-३)
गुरमुखि साध चरनाम्रत निधान पान (१२७-४)
कुल अकुलीन भए दुबिधा निवारीऐ । (१२७-५)
गुरमुखि साध चरनाम्रत निधान पान (१२७-६)
सहज समाधि निज आसन की तारीऐ । (१२७-७)
गुरमुखि साध चरनाम्रत परमपद (१२७-८)
गुरमुखि पंथ अबिगत गति निआरी है ॥१२७॥ (१२७-९)

सहज समाधि साधसंगति सखा मिलाप (१२८-१)
गगन घटा घमंड जुगति कै जानीऐ । (१२८-२)
सहज समाधि कीर्तन गुर सबद कै (१२८-३)
अनहद नाद गरजत उनमानीऐ । (१२८-४)

सहज समाधि साधसंगति जोती सरूप (१२८-५)
दामनी चमतकार उनमन मानीऐ । (१२८-६)
सहज समाधि लिव निझर अपार धार (१२८-७)
बरखा अमृत जल सर्ब निधानीऐ ॥१२८॥ (१२८-८)

जैसे तउ गोबंस तिन खाइ दुहे गोरस दै (१२९-१)
गोरस अउटाए दधि माखन प्रगास है । (१२९-२)
ऊख मै पिऊख तन खंड खंड के पराए (१२९-३)
रस के अउटाए खाँड मिसरी मिठास है । (१२९-४)
चंदन सुगंध सनबंध कै बनासपती (१२९-५)
ढाक अउ पलास जैसे चंदन सुबास है । (१२९-६)
साधुसंगि मिलत संसारी निरंकारी होत (१२९-७)
गुरमति परउपकार के निवास है ॥१२९॥ (१२९-८)

कोटनि कोटानि मिसटानि पान सुधारस (१३०-१)
पुजसि न साध मुख मधुर बचन कउ । (१३०-२)
सीतल सुगंध चंद चंदन कोटानि कोटि (१३०-३)
पुजसि न साध मति निम्रता सचन कउ । (१३०-४)
कोटनि कोटानि कामधेन अउ कलपतर (१३०-५)
पुजसि न किंचत कटाछ के रचन कउ । (१३०-६)
सर्ब निधान फल सकल कोटानि कोटि (१३०-७)
पुजसि न परउपकार के खचन खउ ॥१३०॥ (१३०-८)

कोटनि कोटानि रूप रंग अंग अंग छबि (१३१-१)
कोटनि कोटानि सांद रस बिंजनाद कै । (१३१-२)
कोटनि कोटानि कोटि बासना सुबास रसि (१३१-३)
कोटनि कोटानि कोटि राग नाद बाद कै । (१३१-४)
कोटनि कोटानि कोटि रिधि सिधि निधि सुधा (१३१-५)
कोटिनि कोटानि गिआन धिआन करमादि कै । (१३१-६)
सगल पदार्थ हुइ कोटनि कोटानि गुन (१३१-७)
पुजसि न धाम उपकार बिसमादि कै ॥१३१॥ (१३१-८)

अजया अधीन ताकै पर्म पवित्र भई (१३२-१)
गरब कै सिंघ देह महा अपवित्र है । (१३२-२)
मोनि ब्रत गहे जैसे ऊख मै पयूख रस (१३२-३)

बास बकबानी कै सुगंधता न मित्र है । (१३२-४)
मुल होइ मजीठ रंग संग संगाती भए (१३२-५)
फुल होइ कुसम्भ रंग चंचल चरित्र है । (१३२-६)
तैसे ही असाध साध दादर अउ मीन गति (१३२-७)
गुप्त प्रगट मोह द्रोह कै बचित्र है ॥१३२॥ (१३२-८)

पूरन ब्रह्म धिआन पूरन ब्रह्म गिआन (१३३-१)
पूरन भगति सतिगुर उपदेस है । (१३३-२)
जैसे जल आपा खोइ बरन बरन मिलै (१३३-३)
तैसे ही बिबेकी परमातम प्रवेस है । (१३३-४)
पारस परसि जैसे कनिक अनिक धातु (१३३-५)
चंदन बनासपती बासना अवेस है । (१३३-६)
घटि घटि पूरम ब्रह्म जोति ओतिपोति (१३३-७)
भावनी भगति भाइ आदि कउ अदेस है ॥१३३॥ (१३३-८)

जैसे करपूर मै उडत को सुभाउ ताते (१३४-१)
अउर बासना न ताकै आगै ठहारवई । (१३४-२)
चंदन सुबास कै सुबासना बनासपती (१३४-३)
ताही ते सुगंधता सकल सै समावई । (१३४-४)
जैसे जल मिलत स्रबंग संग रंगु राखै (१३४-५)
अगन जराइ सब रंगनु मिटावई । (१३४-६)
जैसे रवि ससि सिव सकत सुभाव गति (१३४-७)
संजोगी बिओगी दृसटातु कै दिखावई ॥१३४॥ (१३४-८)

स्रीगुर दरस धिआन स्रीगुर सबद (१३५-१)
गिआन ससत्र सनाह पंच दूत बसि आए है । (१३५-२)
स्रीगुर चरन रेन स्रीगुर सरनि धेन (१३५-३)
कर्म भर्म कटि अभै पद पाए है । (१३५-४)
स्रीगुर बचन लेख स्रीगुर सेवक भेख (१३५-५)
अछल अलेख प्रभु अलख लखाए है । (१३५-६)
गुरसिख साधसंग गोसटि प्रेम प्रसंग (१३५-७)
निम्म्रता निरंतरी कै सहज समाए है ॥१३५॥ (१३५-८)

जैसे तउ मजीठ बसुधा सै खोदि काढीअत (१३६-१)
अम्बर सुरंग भए संग न तजत है । (१३६-२)

जैसे तउ कसुम्भ तजि मूल फूल आनीअत (१३६-३)
जानीअत संगु छाडि ताही भजत है । (१३६-४)
अर्ध उरध मुख सलिल सूची सुभाउ (१३६-५)
ताँते सीत तपति मल अमल सजत है । (१३६-६)
गुरमति दुरमति ऊच नीच नीच ऊच (१३६-७)
जीत हार हार जीत लजा न लजत है ॥१३६॥ (१३६-८)

गुरमुखि साधसंगु सबद सुरति लिव (१३७-१)
पूरन ब्रह्म सरबातम कै जानीऐ । (१३७-२)
सहज सुभाइ रिदै भावनी भगति भाइ (१३७-३)
बिहसि मिलन समदरस धिआनीऐ । (१३७-४)
निम्रता निवास दास दासन दासान मति (१३७-५)
मधुर बचन मुख बेनती बखानीऐ । (१३७-६)
पूजा प्रान गिआन गुर आगिआकारी अग्रभाग (१३७-७)
आतम अवेस परमातम निधानीऐ ॥१३७॥ (१३७-८)

सतिरूप सतिनाम सतिगुर गिआन धिआन (१३८-१)
सतिगुर मति सुनि सति करि मानी है । (१३८-२)
दरस धिआन समदरसी ब्रह्म धिआनी (१३८-३)
सबद गिआन गुर ब्रहमगिआनी है । (१३८-४)
गुरमति निहचल पूरन प्रगास रिदै (१३८-५)
मानै मन माने उनमन उनमानी है । (१३८-६)
बिसमै बिसम अस्चरजै अस्चरजमै (१३८-७)
अदभुत परमदभुत गति ठानी है ॥१३८॥ (१३८-८)

पूरन परमजोति सतिगुर सतिरूप (१३९-१)
पूरन गिआन सतिगुर सतिनाम है । (१३९-२)
पूरन जुगति सति सति गुरमति रिदै (१३९-३)
पूरन सेव साधसंगति बिस्राम है । (१३९-४)
पूरन पूजा पदारबिंद मधकर मन (१३९-५)
प्रेमरस पूरन हुइ काम निहकाम है । (१३९-६)
पूरन ब्रह्म गुर पूरन पर्म निधि (१३९-७)
पूरन प्रगास बिसम सथल धाम है ॥१३९॥ (१३९-८)

दरसन जोति को उदोत असचरजमै (१४०-१)

तामै तिल छबि परमदभुत छकि है । (१४०-२)
देखबे कउ दृसटि न सुनबे कउ सुरति है (१४०-३)
कहिबे कउ जिहबा न गिआन मै उकति है । (१४०-४)
सोभा कोटि सोभ लोभ लुभित हुइ लोटपोट (१४०-५)
जगमग जोति कोटि ओटि लै छिपति है । (१४०-६)
अंग अंग पेख मन मनसा थकत भई (१४०-७)
नेत नेत नमो नमो अति हू ते अति है ॥१४०॥ (१४०-८)

छबि कै अनेक छब सोभा कै अनेक सोभा (१४१-१)
जोति कै अनेक जोति नमो नमो नम है । (१४१-२)
असतुति उपमा महतम महिमा अनेक (१४१-३)
एक तिल कथा अति अगम अगम है । (१४१-४)
बुधि बल बचन बिबेक जउ अनेक मिले (१४१-५)
एक तिल आदि बिसमादि कै बिसम है । (१४१-६)
एक तिल कै अनेक भाँति निहकाँति भई (१४१-७)
अबिगति गति गुर पूरन ब्रह्म है ॥१४१॥ (१४१-८)

दरसन जोति को उदोत असचरजमै (१४२-१)
किंचत कटाछ कै बिसम कोटि धिआन है । (१४२-२)
मंद मुसकानि बानि परमदभुति गति (१४२-३)
मधुर बचन कै थकत कोटि गिआन है । (१४२-४)
एक उपकार के बिथार को न पारावारु (१४२-५)
कोटि उपकार सिमरन उनमान है । (१४२-६)
दइआनिधि कृपानिधि सुखनिधि सोभानिधि (१४२-७)
मिहमा निधान गंमिता न काहू आन है ॥१४२॥ (१४२-८)

कोटनि कोटानि आदि बादि परमादि बिखै (१४३-१)
कोटनि कोटानि अंत बिसम अनंत मै । (१४३-२)
कोटि पारावार पारावारु न अपार पावै (१४३-३)
थाह कोटि थकत अथाह अपरंजत मै । (१४३-४)
अबिगति गति अति अगम अगाधि बोधि (१४३-५)
गंमिता न गिआन धिआन सिमरन मंत मै । (१४३-६)
अलख अभेव अपरम्पर देवाधि देव (१४३-७)
ऐसे गुरदेव सेव गुरसिख संत मै ॥१४३॥ (१४३-८)

आदि परमादि बिसमादि गुरए नेमह (१४४-१)
प्रगट पूरन ब्रह्म जोति राखी । (१४४-२)
मिलि चतुर बरन इक बरन हुइ साधसंग (१४४-३)
सहज धुनि कीर्तन सबद साखी । (१४४-४)
नाम निहकाम निजधाम गुरसिख स्रवन (१४४-५)
धुनि गुरसिख सुमति अलख लाखी । (१४४-६)
किंचत कटाछ करि कृपा दै जाहि लै (१४४-७)
परमदभुत गति पूरन बिलास है ॥२८४॥ (२८४-८)

गुरमुखि संगति मिलाप को अति (२८५-१)
पूरन प्रगास प्रेम नेम कै परसपर है । (२८५-२)
चरन कमल रज बासना सुबास रासि (२८५-३)
सीतलता कोमल पूजा कोटानि समसरि है । (२८५-४)
रूप कै अनूप रूप अति असचरजमै (२८५-५)
नाना बिसमाद राग रागनी न पटतर है । (२८५-६)
निझर अपार धार अमृत निधान पान (२८५-७)
परमदभुत गति आन नही समसरि है ॥२८५॥ (२८५-८)

नवन गवन जल सीतल अमल जैसे (२८६-१)
अगनि उरध मुख तपत मलीन है । (२८६-२)
बरन बरन मिलि सलिल बरन सोई (२८६-३)
सिआम अगनि स्रब बरन छबि छीन है । (२८६-४)
जल प्रतिबिम्ब पालक प्रफुलित बनासपती (२८६-५)
अगनि प्रदगध करत सुख हीन है । (२८६-६)
तैसे ही असाध साध संगम सुभाव गति (२८६-७)
गुरमति दुरमति सुख दुख हीन है ॥२८६॥ (२८६-८)

काम क्रोध लोभ मोह अहम्मेव कै असाध (२८७-१)
साध सत धर्म दइआ रथ संतोख कै । (२८७-२)
गुरमति साधसंग भावनी भगति भाइ (२८७-३)
दुरमति कै असाध संग दुख दोख कै । (२८७-४)
जनम मरन गुर चरन सरनि बिनु (२८७-५)
मोख पद चरन कमल चित चोख कै । (२८७-६)
गिआन अंस चित हंस गति गुरमुखि बंस बिखै (२८७-७)
दुकृत सुकृत खीर नीर सोख पोख कै ॥२८७॥ (२८७-८)

हारि मानी झगरो मिटत, रोस मारे सै रसाइन हुइ (२८८-१)
पोट डारे लागत न डंडु जग जानीऐ । (२८८-२)
हउमे अभिमान असथान ऊचे नाहि जलु (२८८-३)
निमत नवन थल जलु पहिचानीऐ । (२८८-४)
अंग सरबंग तर हर होत है चरन (२८८-५)
ताते चरनाम्रत चरन रेन मानीऐ । (२८८-६)
तैसे हरि भगत जगत मै निम्मरीभूत (२८८-७)
जग पग लगि मसतकि परवानीऐ ॥२८८॥ (२८८-८)

पूजीऐ न सीसु ईसु ऊचौ देही मै कहावै (२८९-१)
पूजीऐ न लोचन दृसटि दृसटाँत कै । (२८९-२)
पूजीऐ न स्रवन दुरति सनबंध करि (२८९-३)
पूजीऐ न नासका सुबास स्वास क्राँत कै । (२८९-४)
पूजीऐ न मुख स्वाद सबद संजुगत कै (२८९-५)
पूजीऐ न हसत सकल अंग पाँत कै । (२८९-६)
दृसटि सबद सुरति गंध रस रहित हुइ (२८९-७)
पूजीऐ पदारबिंद नवन महाँत कै ॥२८९॥ (२८९-८)

नवन गवन जल निर्मल सीतल है (२९०-१)
नवन बसुंधर सर्ब रस रासि है । (२९०-२)
उरध तपसिआ कै स्री खंड बासु बोहै बन (२९०-३)
नवन समुंद्र होत रतन प्रगास है । (२९०-४)
नवन गवन पग पूजीअत जगत मै (२९०-५)
चाहै चरनाम्रत चरन रज तास है । (२९०-६)
तैसे हरि भगत जगत मै निम्मरीभूत (२९०-७)
काम निहकाम धाम बिसम बिस्वास है ॥२९०॥ (२९०-८)

सबद सुरति लिवलीन जल मीन गति (२९१-१)
सुखमना संगम हुइ उलटि पवन कै । (२९१-२)
बिसम बिस्वास बिखै अनभै अभिआस रस (२९१-३)
प्रेम मधु अपीउ पीऐ गुहजु गवन कै । (२९१-४)
सबद कै अनहद सुरति कै उनमनी (२९१-५)
प्रेम कै निझर धार सहज रवन कै । (२९१-६)
तृकुटी उलंघि सुख सागर संजोग भोग (२९१-७)

दसम सथल निहकेवलु भवन कै ॥२६१॥ (२६१-८)

जैसे जल जलज अउ जल दुध सील मीन (२६२-१)
चकई कमल दिनकरि प्रति प्रीत है । (२६२-२)
दीपक पतंग अलि कमल चकोर ससि (२६२-३)
मृग नाद बाद घन चातृक सुचीत है । (२६२-४)
नारि अउ भतारु सुत मात जल तृखावंत (२६२-५)
खुधिआरथी भोजन दारिद्र धन मीत है । (२६२-६)
माइआ मोह द्रोह दुखदाई न सहाई होत (२६२-७)
गुर सिख संधि मिले तृगुन अतीत है ॥२६२॥ (२६२-८)

चरनकमल मकरंद रस लुभित हुइ (२६३-१)
अंग अंग बिसम स्रबंग मै समाने है । (२६३-२)
दृसटि दरस लिव दीपक पतंग संग (२६३-३)
सबद सुरति मृग नाद हुइ हिरने है । (२६३-४)
काम निहकाम क्रोधाक्रोध निरलोभ लोभ (२६३-५)
मोह निरमोह अहम्मेव हू लजाने है । (२६३-६)
बिसमै बिसम असचरजै असचरजमै (२६३-७)
अदभुत परमदभुत असथाने है ॥२६३॥ (२६३-८)

दरसन जोति को उदोत सुख सागर मै (२६४-१)
कोटिक उसतत छबि तिल को प्रगास है । (२६४-२)
किंचत कृपा कोटिक कमला कलपतर (२६४-३)
मधुर बचन मधु कोटिक बिलास है । (२६४-४)
मंद मुसकानि बानि खानि है कोटानि ससि (२६४-५)
सोभा कोटि लोटपोट कुमदनी तासु है । (२६४-६)
मन मधुकर मकरंद रस लुभित हुइ (२६४-७)
सहज समाधि लिव बिसम बिस्वस है ॥२६४॥ (२६४-८)

चरन सरनि इज मजन मलीन मन (२६५-१)
दरपन मत गुरमति निहचल है । (२६५-२)
गिआन गुर अंजन दै चपल खंजन दृग (२६५-३)
अकुल निरंजन धिआन जल थल है । (२६५-४)
भंजन भै भ्रम अरि गंजन कर्म काल (२६५-५)
पाँच परपंच बलबंच निरदल है । (२६५-६)

सेवा करंजन सरबातम निरंजन भए (२६५-७)
माइआ मै उदास कलिमल निर्मल है ॥२६५॥ (२६५-८)

चंद्रमा अछत रवि राह न सकत ग्रसि (२६६-१)
दृसटि अगोचरु हुइ सूरजग्रहन है । (२६६-२)
पछम उदोत होत चंद्रमै नमस्कार (२६६-३)
पूरब संजोग ससि केत खेत हनि है । (२६६-४)
कासट मै अगनि मगन चिरंकाल रहै (२६६-५)
अगनि मै कासट परत ही दहन है । (२६६-६)
तैसे सिव सकत असाध साध संगम कै (२६६-७)
दुरमति गुरमति दुसह सहन है ॥२६६॥ (२६६-८)

साध की सुजनताई पाहन की रेख प्रीति (२६७-१)
बैर जल रेख हुइ बिसेख साध संग मै । (२६७-२)
दुरजनता असाध प्रीति जल रेख अरु (२६७-३)
बैरु तउ पाखान रेख सेख अंग अंग मै । (२६७-४)
कासट अगनि गति प्रीति बिपरीति (२६७-५)
सुरसरी जल बारुनी सरूप जल गंग मै । (२६७-६)
दुरमति गुरमति अजया सर्प गति (२६७-७)
उपकारी अउ बिकारी ढंग ही कुढंग मै ॥२६७॥ (२६७-८)

दुरमति गुरमति संगति असाध साध (२६८-१)
कासट अगनि गति टेव न टरत है । (२६८-२)
अजया सर्प जल गंग बारुनी बिधान (२६८-३)
सन अउ मजीठ खल पंडित लरत है । (२६८-४)
कंटक पुहप सैल घटिका सनाह ससत्र (२६८-५)
हंस काग बग बिआध मृग होइ निबरत है । (२६८-६)
लोसट कनिक सीप संख मधु कालकूट (२६८-७)
सुख दुखदाइक संसार बिचरत है ॥२६८॥ (२६८-८)

दादर सरोज बास बावन मराल बग (२६९-१)
पारस बखान बिखु अमृत संजोग है । (२६९-२)
मृग मृगमद अहिमनि मधुमाखी साखी (२६९-३)
बाझ बधू नाह नेह निहफल भोग है । (२६९-४)
दिनकर जोति उलू बरखै समै जवासो (२६९-५)

असन बसन जैसे बृथावंत रोग है । (२९९-६)
तैसे गुरमति बीज जमत न कालर मै (२९९-७)
अंकूर उदोत होत नाहिन बिओग है ॥२९९॥ (२९९-८)

संगम संजोग प्रेम नेम कउ पतंगु जानै (३००-१)
बिरह बिओग सोग मीन भल जानई । (३००-२)
इक टक दीपक धिआन प्रान परहरै (३००-३)
सलिल बिओग मीन जीवन न मानई । (३००-४)
चरनकमल मिलि बिछुरै मधुप मनु (३००-५)
कपट सनेह ध्रिगु जनमु अगिआनई । (३००-६)
निहफल जीवन मरन गुर बिमुख हुइ (३००-७)
प्रेम अरु बिरह न दोऊ उर आनई ॥३००॥ (३००-८)

दृसटि दरस लिव देखै अउ दिखावै सोई (३०१-१)
सर्ब दरस एक दरस कै जानीऐ । (३०१-२)
सबद सुरति लिव कहत सुनत सोई (३०१-३)
सर्ब सबद एक सबद कै मानीऐ । (३०१-४)
कारन करन करतगि सरबगि सोई (३०१-५)
कर्म क्रतूति करतारु पहिचानीऐ । (३०१-६)
सतिगुर गिआन धिआनु एक ही अनेकमेक॥ (३०१-७)
ब्रह्म बिबेक टेक एकै उरि आनीऐ ॥३०१॥ (३०१-८)

किंचत कटाछ माइआ मोहे ब्रहमंड खंड॥ (३०२-१)
साधसंग रंग मै बिमोहत मगन है । (३०२-२)
जाके ओअंकार कै अकार है नाना प्रकार॥ (३०२-३)
कीर्तन समै साधसंग सो लगन है । (३०२-४)
सिव सनकादि ब्रहमादि आगिआकारी जाके॥ (३०२-५)
अग्रभाग साध संग गुननु अगन है । (३०२-६)
अगम अपार साध महिमा अपार बिखै॥ (३०२-७)
अति लिव लीन जल मीन अभगन है ॥३०२॥ (३०२-८)

निजघर मेरो साधसंगति नारदमुनि॥ (३०३-१)
दरसन साधसंग मेरो निज रूप है । (३०३-२)
साधसंगि मेरो माता पिता अउ कुटम्ब सखा॥ (३०३-३)
साधसंगि मेरो सुतु स्रेसट अनूपु है । (३०३-४)

साधसंग सर्ब निधानु प्रान जीवन मै॥ (३०३-५)
साधसंगि निजु पद सेवा दीप धूप है । (३०३-६)
साधसंगि रंग रस भोग सुख सहज मै॥ (३०३-७)
साधसंगि सोभा अति उपमा अउ ऊप है ॥३०३॥ (३०३-८)

अगम अपार देव अलख अभेव अति (३०४-१)
अनिक जतन करि निग्रह न पाईऐ । (३०४-२)
पाईऐ न जग भोग पाईऐ न राज जोग (३०४-३)
नाद बाद बेद कै अगहु न गहाईऐ । (३०४-४)
तीर्थ पुरब देव देव सेवकै न पाईऐ (३०४-५)
कर्म धर्म ब्रत नेम लिव लाईऐ । (३०४-६)
निहफळ अनिक प्रकार कै अचार सबै (३०४-७)
सावधान साधसंग हुइ सबद गाईऐ ॥३०४॥ (३०४-८)

सुपन चरित्र चित्र जोई देखै सोई जानै (३०५-१)
दूसरो न देखै पावै कहौ कैसे जानीऐ । (३०५-२)
नाल बिखै बात कीए सुनीअत कान दीए (३०५-३)
बकता अउ स्रोता बिनु कापै उनमानीऐ । (३०५-४)
पघुला के मूल बिखै जैसे जल पान कीजै (३०५-५)
लीजीऐ जतन करि पीए मन मानीऐ । (३०५-६)
गुर सिख संधि मिले गुहज कथा बिनोद (३०५-७)
गिआन धिआन प्रेमरस बिसम बिधानीऐ ॥३०५॥ (३०५-८)

नवन गवन जल सीतल अमल जैसे॥ (३०६-१)
अगनि उरध मुख तपत मलीन है । (३०६-२)
सफल हुइ आँब झके रहत है चिरंकाल (३०६-३)
निवै न अरडु ताँते आरबला छीन है । (३०६-४)
चंदन सुबास जैसे बासीऐ बनासपती (३०६-५)
बासु तउ बडाई बूडिओ संग लिवलीन है । (३०६-६)
तैसे ही असाध साध अहम्बुधि निम्म्रता कै (३०६-७)
सन अउ मजीठ गति पाप पुन्न कीन है ॥३०६॥ (३०६-८)

सकल बनासपती बिखै द्रु म दीरघ दुइ॥ (३०७-१)
निहफल भए बूडे बहुत बडाई कै । (३०७-२)
चंदन सुबासना कै सेंबुल सुबास होत (३०७-३)

बाँसु निरगंध बहु गाँठनु ढिठाई कै। (३०७-४)
सेंबल के फल तूल खग मृग छाइआ ताकै (३०७-५)
बाँसु तउ बरन दोखी जारत बुराई कै । (३०७-६)
तैसे ही असाध साध होति साधसंगति कै (३०७-७)
तृसटै न गुर गोपि द्रोह गुरभाई कै ॥३०७॥ (३०७-८)

बिरख बली मिलाप सफल सघन छाइआ (३०८-१)
बासु तउ बरन देखी मिले जरै जारि है । (३०८-२)
सफल हुइ तरहर झुकति सकल तर॥ (३०८-३)
बाँसु तउ बडाई बूडिओ आपा न सम्मार है । (३०८-४)
सकल बनासपती सुधि रिदै मोनि गहे (३०८-५)
बाँसु तउ रीतो ग़ठीलो बाजे धार मारि है । (३०८-६)
चंदन समीप ही अछत निरगंध रहे (३०८-७)
गुरसिख दोखी बज्र प्रानी न उधारि है ॥३०८॥ (३०८-८)

गुरसिख संगति मिलाप को प्रताप ऐसो॥ (३०९-१)
प्रेम कै परसिपर पग लपटावही । (३०९-२)
दृसटि दरस उरु सबद सुरति मिलि (३०९-३)
पूरन ब्रह्म गिआन धिआन लिव लावही । (३०९-४)
एक मिसटान पान लावत महाप्रसादि (३०९-५)
एक गुरपुरब कै सिखनु बुलावही । (३०९-६)
सिव सनकादि बाछै तिनके उचिसट कउ (३०९-७)
साधन की दूखना कवन फल पावही ॥३०९॥ (३०९-८)

जैसे बोझ भरी नाव आँगुरी दुइ बाहरि हुइ (३१०-१)
पार परै पूर सबै कुसल बिहात है । (३१०-२)
जैसे एकाहारी एक घरी पाकसाला बैठि (३१०-३)
भोजन कै बिंजन स्वादि के अघात है । (३१०-४)
जैसे राजदुआर जाइ करत जुहार जन (३१०-५)
एक घरी पाछै देस भोगता हुइ खात है । (३१०-६)
आठ ही पहर साठि घरी मै जउ एक घरी (३१०-७)
साध समागमु करै निज घर जात है ॥३१०॥ (३१०-८)

कारतक जैसे दीपमालका रजनी समै॥ (३११-१)
दीप जोति को उदोत होत ही बिलात है । (३११-२)

बरखा समै जैसे बुदबुदा कौ प्रगास (३११-३)
तास नाम पलक मै न तउ ठहिरात है । (३११-४)
ग्रीखम समै जैसे तउ मृग तृसना चरित्र॥ (३११-५)
झाई सी दिखाई देत उपजि समात है । (३११-६)
तैसे मोह माइआ छाइआ बिरख चपल छल॥ (३११-७)
छलै छैल स्रीगुर चरन लपटात है ॥३११॥ (३११-८)

जैसे तउ बसन अंग संग मिलि हुइ मलीन॥ (३१२-१)
सलिल साबुन मिलि निर्मल होत है । (३१२-२)
जैसे तउ सरोवर सिवाल कै अछादिओ जलु॥ (३१२-३)
झोलि पीए निर्मल देखीऐ अछोत है । (३१२-४)
जैसे निध अंधकार तारका चमतकार॥ (३१२-५)
होत उजीआरो दिनकर के उदोत है । (३१२-६)
तैसे माइआ मोह भ्रम होत है मलीन मति॥ (३१२-७)
सतिगुर गिआन धिआन जगमग जोति है ॥३१२॥ (३१२-८)

अंतर अछित ही दिसंतरि गवन करै॥ (३१३-१)
पाछै परे पहुचै न पाइकु जउ धावई । (३१३-२)
पहुचै न रथु पहुचै न गमराजु बाजु॥ (३१३-३)
पहुचै न खग मृग फादत उडावई । (३१३-४)
पहुचै न पवन गवन तृभवन प्रति॥ (३१३-५)
अर्ध उरध अंतरीछ हुइ न पावई । (३१३-६)
पंच दूत भूत लगि अधमु असाधु मनु॥ (३१३-७)
गहे गुर गिआन साधसंगि बसि आवई ॥३१३॥ (३१३-८)

आँधरो कउ सबद सुरति कर चर टेक (३१४-१)
बहरै चरन कर दृसटि सबद है । (३१४-२)
गूंगै टेक चर कर दृसटि सबद सुरति लिव (३१४-३)
लूले टेक दृसटि सबद स्रु ति पद है । (३१४-४)
पागुरे कउ टेक दृसटि सबद सुरति कर टेक (३१४-५)
एक एक अंगहीन दीनता अछद है । (३१४-६)
अंध गुंग सुन्न पंग लुंज दुख पुंज मम (३१४-७)
अंतर के अंतरजामी परबीन सद है ॥३१४॥ (३१४-८)

आँधरे कउ सबद सुरति कर चर टेक (३१५-१)

अंध गुंग सबद सुरति कर चर है । (३१५-२)
अंध गुंग सुन्न कर चर अवलम्ब टेक॥ (३१५-३)
अंध गुंग सुन्न पंग टेक एक कर है । (३१५-४)
अंद गुंग सुन्न पंग लुंज दुख पुंज मम॥ (३१५-५)
सरबंग हीन दीन दुखत अधर है । (३१५-६)
अंतर की अंतरजामी जानै अंतरगति॥ (३१५-७)
कैसे निरबाहु करै सरै नरहर है ॥३१५॥ (३१५-८)

चकई चकोर मृग मीन भ्रिंग अउ पतंग॥ (३१६-१)
प्रीति इकअंगी बहुरंगी दुखदाई है । (३१६-२)
एक एक टेक सै टरत न मरत सबै॥ (३१६-३)
आदि अंति की चाल चली आई है । (३१६-४)
गुरसिख संगति मिलाप को प्रतापु ऐसो॥ (३१६-५)
लोग परलोग सुखदाइक सहाई है । (३१६-६)
गुरमति सुनि दुरमति न मिटत जाकी॥ (३१६-७)
अहि मिलि चंदन जिउ बिखु न मिटाई है ॥३१६॥ (३१६-८)

मीन कउ न सुरति जल कउ सबद गिआनु (३१७-१)
दुबिधा मिटाइ न सकत जलु मीन की । (३१७-२)
सर सरिता अथाह प्रबल प्रवाह बसै (३१७-३)
ग्रसै लोह राखि न सका मति हीन की । (३१७-४)
जलु बिनु तरफि तजत पृअ प्रान मीन (३१७-५)
जानत न पीर नीर दीनताई दीन की । (३१७-६)
दुखदाई प्रीति की प्रतीत मीन कुल दृड़ (३१७-७)
गुरसिख बंस ध्रिगु प्रीति परधीन की ॥३१७॥ (३१७-८)

दीपक पै आवत पतंग प्रीति रीति लगि॥ (३१८-१)
दीपकहि महा बिपरीत मिले जारि है । (३१८-२)
अलि चलि आवत कमल पै सनेह करि॥ (३१८-३)
कमल सम्पट बाँधि प्रान परहारि है । (३१८-४)
मन बच क्रम जल मीन लिवलीन गति (३१८-५)
बिछुरत राखि न सकत गहि डारि है । (३१८-६)
दुखदाई प्रीति की प्रतीति कै मरै न टरै (३१८-७)
गुरसिख सुखदाई प्रीति किउ बिसारि है ॥३१८॥ (३१८-८)

दीपक पतंग दिबि दृसटि दरस हीन (३१६-१)
स्रीगुर दरस धिआन तृभवन गंमिता । (३१६-२)
बासना लमल अलि भ्रमत न राखि सकै॥ (३१६-३)
चरन सरनि गुर अनत न रंमिता । (३१६-४)
मीन जल प्रेम नेम अंति न सहाई होत॥ (३१६-५)
गुर सुख सागर है इत उत संमिता । (३१६-६)
एक एक टेक से टरत नमरत सबै (३१६-७)
स्रीगुर स्रबंगी संगी महातम अम्मृता ॥३१६॥ (३१६-८)

दीपक पतंग मिलि जरत न राखि सकै (३२०-१)
जरे मरे आगे न परमपद पाए है । (३२०-२)
मधुप कमल मिलि भ्रमत न राखि सकै (३२०-३)
सम्पट मै मूए सै न सहज समाए है । (३२०-४)
जल मिलि मीन की न दुबिधा मिटाइ सकी (३२०-५)
बिछुरि मरत हरि लोक न पठाए है । (३२०-६)
इत उत संगम सहाई सुखदाई गुर (३२०-७)
गिआन धिआन प्रेमरस औमृत पीआए है ॥३२०॥ (३२०-८)

दीपक पतंग अलि कमल सलिल मीन॥ (३२१-१)
चकई चकोर मृग रवि ससि नाद है । (३२१-२)
प्रीति इकअंगी बहुरंगी नही संगी कोऊ॥ (३२१-३)
सबै दुखदाई न सहाई अंति आदि है । (३२१-४)
जीवत न साधसंग मूए न परमगति॥ (३२१-५)
गिआन धिआन प्रेमरस प्रीतम प्रसादि है । (३२१-६)
मानस जनमु पाइ स्रीगुर दइआ निधान॥ (३२१-७)
चरन सरनि सुखफल बिसमाद है ॥३२१॥ (३२१-८)

गुरमुखि पंथ गुर धिआन सावधान रहे (३२२-१)
लहै निजुघर अरु सहज निवास जी । (३२२-२)
सबद बिबेक एक टेक निहचल मति (३२२-३)
मधुर बचन गुर गिआन को प्रगास जी । (३२२-४)
चरनकमल चरनामृत निधान पान (३२२-५)
प्रेमरस बसि भए बिसम बिस्वास जी । (३२२-६)
गिआन धिआन प्रेम नेम पूरन प्रतीत चीति (३२२-७)
बन गृह समसरि माइआ मै उदास जी ॥३२२॥ (३२२-८)

छधमारबे को त्रासु देखि चोर न तजत चोरी॥ (३२३-१)
बटवारा बटवारी संगि हुइ तकत है । (३२३-२)
बेस्वारतु बृथा भए मन मै ना संका मानै॥ (३२३-३)
जुआरी न सरबसु हारे सै थकत है । (३२३-४)
अमली न अमल तजत जिउ धिकार कीए॥ (३२३-५)
दोख दुख लोग बेद सुनत छकत है । (३२३-६)
अधम असाध संग छाडत न अंगीकार (३२३-७)
गुरसिख साधसंग छाडि किउ सकत है ॥३२३॥ (३२३-८)

दमक दै दो दुखु अपजस लै असाध (३२४-१)
लोक परलोक मुख सिआमता लगावही । (३२४-२)
चोर जार अउ जूआर मधपानी दुकृत सै (३२४-३)
कलह कलेस भेस दुबिधा कउ धावही । (३२४-४)
मति पति मान हानि कानि मै कनोडी सभा (३२४-५)
नाक कान खंड डंड होत न लजावही । (३२४-६)
सर्ब निधान दान दाइक संगति साध (३२४-७)
गुरसिख साधूजन किउ न चलि आवही ॥३२४॥ (३२४-८)

जैसे तउ अकसमात बादर उदोत होत (३२५-१)
गगन घटा घमंड करत बिथार जी । (३२५-२)
ताही ते सबद धुनि घन गरजत अति॥ (३२५-३)
चंचल चरित्र दामनी चमतकार जी । (३२५-४)
बरखा अमृत जल मुकता कपूर ताते (३२५-५)
अउखधी उपारजना अनिक प्रकार जी । (३२५-६)
दिबि देह साध जनम मरन रहित जग (३२५-७)
प्रगटत करबे कउ परउपकार जी ॥३२५॥ (३२५-८)

सफल बिरख फल देत जिउ पाखान मारे (३२६-१)
सिरि करवत सहि गहि पारि पारि है । (३२६-२)
सागर मै काढि मुखु फोरीअत सीप के जिउ (३२६-३)
देत मुकताहल अवगिआ न बीचारि है । (३२६-४)
जैसे खनवारा खानि खनत हनत घन (३२६-५)
मानक हीरा अमोल परउपकार है । (३२६-६)
ऊख मै पिऊख जिउ प्रगास होत कोलू पचै (३२६-७)

अवगुन कीए गुन साधन कै दुआर है ॥३२६॥ (३२६-८)

साधुसंगि दरसन को है नितनेमु जाको (३२७-१)
सोई दरसनी समदरस धिआनी है । (३२७-२)
सबद बिबेक एक टेक जाकै मनि बसै (३२७-३)
मानि गुरगिआन सोई ब्रहमगिआनी है । (३२७-४)
दृसटि दरस अरु सबद सुरति मिलि (३२७-५)
प्रेमी पृअ प्रेम उनमन उनमानी है । (३२७-६)
सहज समाधि साधसंगि इकरंग जोई (३२७-७)
सोई गुरमुखि निर्मल निरबानी है ॥३२७॥ (३२७-८)

दरस धिआन धिआनी सबद गिआन गिआनी (३२८-१)
चरन सरनि दृड़ माइआ मै उदासी है । (३२८-२)
हउमै तिआगि तिआगी बिसमाद कै बैरागी भए (३२८-३)
तृगुन अतीति चीत अनभै अभिआसी है । (३२८-४)
दुबिधा अपरस अउ साध इंद्री निग्रहि कै (३२८-५)
आतम पूजा बिबेकी सुन्न मै संनिआसी है । (३२८-६)
सहजसुभाव करि जीवनमुकति भए (३२८-७)
सेवा सरबातम कै ब्रह्म बिस्वासी है ॥३२८॥ (३२८-८)

जैसे जल अंतरि जुगंतर बसै पाखान॥ (३२९-१)
भिदै न रिदै कठोर बूडै बज्र भार कै । (३२९-२)
अठसठितीरथ मजन करै तोबरी तउ॥ (३२९-३)
मिटत न करवाई भोए वार पार कै । (३२९-४)
अहिनिसि अहि लपटानो रहै चंदनहि॥ (३२९-५)
तजत न बिखु तऊ हउमै अहंकार कै । (३२९-६)
कपट सनेह देह निहफल जगत मै (३२९-७)
संतन को है दोखी दुबिधा बिकार कै ॥३२९॥ (३२९-८)

जैसे निर्मल दरपन मै न चित्र कछू (३३०-१)
सकल चरित्र चित्र देखत दिखावई । (३३०-२)
जैसे निर्मल जल बरन अतीत रीत (३३०-३)
सकल बरन मिलि बरन बनावई । (३३०-४)
जैसे तउ बसुंधरा सुआद बासना रहित (३३०-५)
अउखधी अनेक रस गंध उपजावई । (३३०-६)

तैसे गुरदेव सेव अलख अभेव गति॥ (३३०-७)
जैसे जैसो भाउ तैसी कामना पुजावई ॥३३०॥ (३३०-८)

सुख दुख हानि मृत पूरब लिखत लेख (३३१-१)
जंत्र कै न बसि कछु जंत्री जगदीस है । (३३१-२)
भोगत बिवसि मेव कर्म किरत गति (३३१-३)
जसि करतो सिलेप कारन को ईस है । (३३१-४)
करता प्रधान किधौ कर्म किधौ है जीउ (३३१-५)
घाटि बाढि कउन कउन मतु बिस्वाबीस है । (३३१-६)
असतुति निंदा कहा बिआपत हरख सोग (३३१-७)
होनहार कहौ कहाँ गारि अउ असीस है ॥३३१॥ (३३१-८)

मानसर पर जउ बैठाईऐ ले जाइ बग॥ (३३२-१)
मुकता अमोल तजि मीठ बीनि खात है । (३३२-२)
असथन पान करबे कउ जउ लगाईऐ जोक॥ (३३२-३)
पीअतन पै लै लोहू अचए अघात है । (३३२-४)
परमसुगंध परि माखी न रहत राखी॥ (३३२-५)
महादुरगंध परि बेगि चलि जात है । (३३२-६)
जैसे गज मजन के डारत है छारु सिरि (३३२-७)
संतन कै दोखी संत संगु न सुहात है ॥३३२॥ (३३२-८)

गुरमति सति एक टेक दुतीआ ना सति॥ (३३३-१)
सिव न सकत गति अनभै अभिआसी है । (३३३-२)
तृगुन अतीत जीत न हार न हरख सोग (३३३-३)
संजोग बिओग मेटि सहज निवासी है । (३३३-४)
चतुरबरन इक बरन हुइ साधसंग (३३३-५)
पंच परपंच तिआगि बिसम बिस्वासी है । (३३३-६)
खटदरसन परै पार हुइ सपतसर (३३३-७)
नवदुआर उलंघि दसमई उदासी है ॥३३३॥ (३३३-८)

नदी नाव को संजोग सुजन कुटम्ब लोगु (३३४-१)
मिलिओ होइगो सोई मिलै आगै जाइकै । (३३४-२)
असन बसन धन संग न चलत चले॥ (३३४-३)
अरपे दीजै धरमसाला पहुचाइकै । (३३४-४)
आठोजाम साठोघरी निहफल माइआ मोह (३३४-५)

सफल पलक साधसंगति समाइकै । (३३४-६)
मल मूत्र धारी अउ बिकारी निरंकारी होत॥ (३३४-७)
सबद सुरति साधसंग लिव लाइकै ॥३३४॥ (३३४-८)

हउमै अभिमान असथान तजि बंझ बन (३३५-१)
चरनकमल गुर सम्पट समाइ है । (३३५-२)
अति ही अनूप रूप हेरत हिराने दृग (३३५-३)
अनहद गुंजत स्रवन हू सिराए है । (३३५-४)
रसना बिसम अति मधु मकरंद रस (३३५-५)
नासिका चकत ही सुबासु महकाए है । (३३५-६)
कोमलता सीतलता पंग सरबंग भए॥ (३३५-७)
मनमधुकर पुनि अनत ना धाए है ॥३३५॥ (३३५-८)

बाँसना को बासु दूत संगति बिनास काल (३३६-१)
चरनकमल गुर एक टेक पाई है । (३३६-२)
भैजल भइआनक लहरि न बिआपि सकै (३३६-३)
निजघर सम्पट कै दुबिधा मिटाई है । (३३६-४)
आन गिआन धिआन सिमरन सिमरन कै (३३६-५)
प्रेमरस बसि आसा मनसा न पाई है । (३३६-६)
दुतीआ नासति एक टेक निहचल मति॥ (३३६-७)
सहज समाधि उनमन लिव लाई है ॥३३६॥ (३३६-८)

चरनकमल रज मसतकि लेपन कै (३३७-१)
भर्म कर्म लेख सिआमता मिटाई है । (३३७-२)
चरनकमल चरनामृतमलीन मनि (३३७-३)
करि निर्मल दूत दुबिधा मिटाई है । (३३७-४)
चरनकमल सुख सम्पट सहज घरि (३३७-५)
निहचल मति एक टेक ठहराई है । (३३७-६)
चरनकमल गुर महिमा अगाधि बोधि (३३७-७)
सर्ब निधान अउ सकल फलदाई है ॥३३७॥ (३३७-८)

चरनकमल रज मजन कै दिबि देह (३३८-१)
महा मलमूत्रधारी निरंकारी कीने है । (३३८-२)
चरनकमल चरनामृत निधान पान (३३८-३)
तृगुन अतीत चीत आपा आप चीने है । (३३८-४)

चरनकमल निज आसन सिंघासन कै (३३८-५)
तृभवन अउ तृकाल गंम्रिता प्रबीने है । (३३८-६)
चरनकमल रस गंध रूप सीतलता (३३८-७)
दुतीआ नासति एक टेक लिव लीने है ॥३३८॥ (३३८-८)

चरनकमल रज मजन प्रताप अति (३३९-१)
पुरब तीर्थ कोटि छरन सरनि है । (३३९-२)
चरनकमल रज मजन प्रताप अति (३३९-३)
देवी देव सेवक हुइ पूजत चरन है । (३३९-४)
चरनकमल रज मजन प्रताप अति (३३९-५)
कारन अधीन हुते कीन कारन करन है । (३३९-६)
चरनकमल रज मजन प्रताप अति (३३९-७)
पतित पुनीत भए तारन तरन है ॥३३९॥ (३३९-८)

मानसर हंस साधसंगति परमहंस॥ (३४०-१)
धरमधुजा धरमसाला चल आवई । (३४०-२)
उत मुकताहल अहार दुतीआ नासति (३४०-३)
इत गुरसबद सुरति लिव लावही । (३४०-४)
उत खीर नीर निरवारो कै बखानीअत (३४०-५)
इत गुरमति दुरमति समझावही । (३४०-६)
उत बग हंस बंस दुबिधा न मेटि सकै (३४०-७)
इत काग पागि समरूप कै मिलावही ॥३४०॥ (३४०-८)

गुरसिख संगति मिलाप को प्रतापु छिन (३४१-१)
सिव सनकादि ब्रहमादिक न पावही । (३४१-२)
सिम्मृति पुरान बेद सासत्र अउ नाद बाद॥ (३४१-३)
राग रागनी हू नेत नेत करि गावही । (३४१-४)
देवी देव सर्ब निधान अउ सकल फल॥ (३४१-५)
स्वर्ग समूह सुख धिआन धर धिआवही । (३४१-६)
पूरन ब्रह्म सतिगुर सावधान जानि (३४१-७)
गुरसिख सबद सुरति लिव लावही ॥३४१॥ (३४१-८)

रचना चरित्र चित्र बिसम बचित्रपन (३४२-१)
काहू सो न कोऊ कीने एक ही अनेक है । (३४२-२)
निपट कपट घट घट नट वट नट (३४२-३)

गुप्त प्रगट अटपट जावदेक है । (३४२-४)
दृसटि सी दृसटि न दरसन सो दरसु (३४२-५)
बचन सो बचन न सुरति समेक है । (३४२-६)
रूप रेख लेख भेख नाद बाद नाना बिधि (३४२-७)
अगम अगाधि बोध ब्रह्म बिबेक है ॥३४२॥ (३४२-८)

सतिरूप सतिगुर पूरन ब्रहमधिआन॥ (३४३-१)
सतिनामु सतिगुर ते पारब्रह्म है । (३४३-२)
सतिगुर सबद अनाहद ब्रहमगिआन॥ (३४३-३)
गुरमुखि पंथ सति गंमिता अगम्म है । (३४३-४)
गुरसिख साधसंग ब्रहमसथान सति (३४३-५)
कीर्तन समै हुइ सावधान सम है । (३४३-६)
गुरमुखि भावनी भगति भाउ चाउ सति (३४३-७)
सहज सुभाउ गुरमुखि नमो नम है ॥३४३॥ (३४३-८)

निरंकार निराधार निराहार निरबिकार (३४४-१)
अजोनी अकाल अपरम्पर अभेव है । (३४४-२)
निरमोह निरबैर निरलेप निरदोख (३४४-३)
निरभै निरंजन अतह पर अतेव है । (३४४-४)
अबिगति अगम अगोचर अगाधि बोधि (३४४-५)
अचुत अलख अति अछल अछेव है । (३४४-६)
बिसमै बिसम असचरजै असचरजमै (३४४-७)
अदभुत परमदभुत गुरदेव है ॥३४४॥ (३४४-८)

कारतक मास रुति सरद पूरनमासी (३४५-१)
आठ जाम साठि घरी आजु तेरी बारी है । (३४५-२)
अउसर अभीच बहुनाइक की नाइका हुइ (३४५-३)
रूप गुन जोबन सिंगार अधिकारी है । (३४५-४)
चातिर चतुर पाठ सेवक सहेली साठि (३४५-५)
सम्पदा समग्री सुख सहज सचारी है । (३४५-६)
सुंदर मंदर सुभ लगन संजोग भोग (३४५-७)
जीवन जनम धंनि प्रीतम पिआरी है ॥३४५॥ (३४५-८)

दिनकर किरनि सुहात सुखदाई अंग (३४६-१)
रचत सिंगारअभरन सखी आइकै । (३४६-२)

पृथम उबटना कै सीस मै मलउनी मेलि (३४६-३)
मजन उसन जल निर्मल भाए कै । (३४६-४)
कुसम अवेस केस बासत फुलेल मेल (३४६-५)
अंग अरगजा लेप होत उपजाइकै । (३४६-६)
चीर चार दरपन मधि आपा आपु चीनि॥ (३४६-७)
बैठी परजंक परि धावरी न धाइकै ॥३४६॥ (३४६-८)

ककही दै माग उरझाए सुरझाए केस (३४७-१)
कुंकम चंदन को तिलक दे ललार मै । (३४७-२)
अंजन खंजन दृग बेसरि करन फूल॥ (३४७-३)
बारी सीस फूल दै तमोलरस मुख दुआर मै । (३४७-४)
कंठसरी कपोति मरकत अउ मुकताहल॥ (३४७-५)
बरन बरन फूल सोभा उर हार मै । (३४७-६)
चचरचरी कंकन मुंदिका मिहदी बनी, ॥ (३४७-७)
अंगीआ अनूप छुद्रपीठि कट धार मै ॥३४७॥ (३४७-८)

सोभित सरद निसि जगमग जोति ससि॥ (३४८-१)
प्रथम सहेली कहै प्रेमरसु चाखीऐ । (३४८-२)
पूरन कृपा कै तेरै आइ है कृपानिधान ॥ (३४८-३)
मिलीऐ निरंतर कै हुइ अंतरु न राखीऐ । (३४८-४)
चरनकमल मकरंद रस लुभित हुइ॥ (३४८-५)
मन मधुकर सुख सम्पट भिलाखीऐ । (३४८-६)
जोई लजाइ पाईऐ न पुनि पदम दै॥ (३४८-७)
पलक अमोल पृअ संग मुख साखीऐ ॥३४८॥ (३४८-८)

कंचन असुध जैसे भ्रमत कुठारी बिखै (३४९-१)
सुध भए भ्रमत न पावक प्रगास है । (३४९-२)
जैसे कर कंकन अनेक मै प्रगट धुनि (३४९-३)
एकै एक टेक पुनि धुनि को बिनास है । (३४९-४)
खुधिआ कै बालक बिललात अकुलात अत॥ (३४९-५)
असथन पान करि सहजि निवास है । (३४९-६)
तैसे माइआ भ्रमत भ्रमत चतुर कुंट धावै (३४९-७)
गुर उपदेस निहचल गृहि पद बास है ॥३४९॥ (३४९-८)

जैसे दीप दिपत भवन उजीआरो होत (३५०-१)

सगल समग्री गृहि प्रगट दिखात है । (३५०-२)
ओतिपोत जोति होत कारज बाछत सिधि (३५०-३)
आनद बिनोद सुख सहजि बिहात है । (३५०-४)
लालच लुभाइरसु लुबत नाना पतंग (३५०-५)
बुझत ही अंधकार भए अकुलात है । (३५०-६)
तैसे बिदिमानि जानीऐ न महिमा महाँत (३५०-७)
अंतिरीछ भए पाछै लोग पछुतात है ॥३५० (३५०-८)

जैसे दीप दिपत महातमै न जानै कोऊ (३५१-१)
बुझत ही अंधकार भटकत राति है । (३५१-२)
जैसे द्रुम आँगनि अछित महिमा न जानै (३५१-३)
काटत ही छाँहि बैठेबे कउ बिललात है । (३५१-४)
जैसे राजनीति बिखै चैन हुइ चतुरकुंट (३५१-५)
छत्र ढाला चाल भए जंत्र कंत्र जात है । (३५१-६)
तैसे गुरसिख साध संगम जुगति जग (३५१-७)
अंतरीछ भए पाछे लोग पछुतात है ॥३५१॥ (३५१-८)

जउ जानै अनूप रूप दृगन कै देखीअत (३५२-१)
लोचन अछत अंध काहे ते न पेखही । (३५२-२)
जउ जानै सबदुरस रसना बखानीअत (३५२-३)
जिहबा अछत कत गुंग न सरेख ही । (३५२-४)
जउपै जाने राग नाद सुनीअत स्रवन कै (३५२-५)
स्रवन सहत किउ बहरो बिसेख ही । (३५२-६)
नैन जिहबा स्रवन को न कछूऐ बसाइ (३५२-७)
सबद सुरति सो अलख अलेख ही ॥३५२॥ (३५२-८)

जननी जतन करि जुगवै जठर राखै (३५३-१)
तातेपिंड पूरन हुइ सुत जनमत है । (३५३-२)
बहुरिओ अखादि खादि संजम सहिदि रहै (३५३-३)
ताही ते पै पीअत अरोगपन पत है । (३५३-४)
मलमूत्र धार को बिचार न बिचारै चित (३५३-५)
करै प्रतिपाल बालु तऊ तन गत है । (३५३-६)
तैसे अरभकु रूप सिख है संसार मधि (३५३-७)
सरीगुर दइआल की दइआ सन गत है ॥३५३॥ (३५३-८)

जैसे तउ जननी खान पान कउ संजमु करै (३५४-१)
ताते सुत रहै निरबिघन अरोग जी । (३५४-२)
जैसे राजनीति रीत चक्रवै चेतन्न रूप (३५४-३)
ताते निहचिंत निरभै बसत लोग जी । (३५४-४)
जैसे करीआ समुंद्र बोहथ मै सावधान (३५४-५)
ताते पारि पहुचत पथिक असोग जी । (३५४-६)
तैसे गुर पूरन ब्रह्म गिआन धिआन लिव (३५४-७)
ताते निरदोख सिख निजपद जोग जी ॥३५४॥ (३५४-८)

जननी सुतहि जउ धिकार मारि पिआरु करै (३५५-१)
पिआर झिरकारु देखि सकत न आन को । (३५५-२)
जननी को पिआरु अउ धिकार उपकार हेत (३५५-३)
आन को धिकार पिआर है बिकार प्रान को । (३५५-४)
जैसे जल अगनि मै परै बूड मरै जरै (३५५-५)
तैसे कृपा क्रोप आनि बनिता अगिआन को । (३५५-६)
तैसे गुरसिखन कउ जुगवत जतन कै (३५५-७)
दुबिधा न बिआपै प्रेम परमनिधान को ॥३५५॥ (३५५-८)

जैसे कर गहत सर्प सुत पेखि माता (३५६-१)
कहै न पुकार फुसलाइ उर मंड है । (३५६-२)
जैसे बेद रोगी प्रति कहै न बिथार बृथा (३५६-३)
संजम कै अउखद खवाइ रोग डंड है । (३५६-४)
जैसे भूलि चूकि चटीआ की न बीचारै पाधा (३५६-५)
कहि कहि सीखिआ मूरखत मति खंड है । (३५६-६)
तैसे पेखि अउगुन कहै न सतिगुर काहू (३५६-७)
पूरन बिबेक समझावत प्रचंड है ॥३५६॥ (३५६-८)

जैसे मिसटान पान पोखि तोखि बालकहि (३५७-१)
असथन पान बानि जननी मिटावई । (३५७-२)
मिसरी मिलाइ जैसे अउखद खवावै बैदु (३५७-३)
मीठो करि खात रोगी रोगहि घटावई । (३५७-४)
जैसे जलु सीचि सीचि धानहि कृसान पालै (३५७-५)
परपक भए काटि घर मै लै आवई । (३५७-६)
तैसे गुर कामना पुजाइ निहकाम करि (३५७-७)
निजपद नामु धामु सिखै पहुचावई ॥३४७॥ (३५७-८)

गिआन धिआन प्रान सुत राखत जननी प्रति (३५८-१)
अवगुन गुन माता चित मै न चेत है । (३५८-२)
जैसे भरतारि भारि नारि उरहारि मानै (३५८-३)
ताते लालु ललना को मानु मनि लेत है । (३५८-४)
जैसे चटीआ सभीत सकुचत पाधा पेखि (३५८-५)
ताते भूलि चूकि पाधा छाडत न हेत है । (३५८-६)
मन बच क्रम गुर चरन सरनि सिखि (३५८-७)
ताते सतिगुर जमदूतहि न देत है ॥३५८॥ (३५८-८)

कोटनि कोटानि काम कटक हुइ कामारथी (३५९-१)
कोटनि कोटानि क्रोध क्रोधीवंत आहि जी । (३५९-२)
कोटनि कोटानि लोभ लोभी हुइ लालचु करै (३५९-३)
कोटनि कोटानि मोह मोहै अवगाहि जी । (३५९-४)
कोटनि कोटानि अहंकार अहंकारी हुइ (३५९-५)
रूप रिप सम्पै सुख बल छल चाहि जी । (३५९-६)
सतिगुर मिखन के रोमहि न चाँप सकै (३५९-७)
जाँपै गुर गिआन धिआन ससत्रन सनाहि जी ॥३५९॥ (३५९-८)

जैसे तउ सुमेर ऊच अचल अगम अति (३६०-१)
पावक पवन जल बिआप न सकत है । (३६०-२)
पावक प्रगास तास बानी चउगुनी चड़त (३६०-३)
पउन गौन धूरि दूरि होइ चमकति है । (३६०-४)
संगम सलल मलु धोइ निर्मल करै (३६०-५)
हरै दुख देख सुनि सुजम बकति है । (३६०-६)
तैसे गुरसिख जोगी तृगुन अचीत चीत (३६०-७)
स्रीगुर सबद रस अमृत छकति है ॥३६०॥ (३६०-८)

जैसे सुकदेव के जनम समै जाको जाको (३६१-१)
जनम भइओ ते सकल सिधि जानीऐ । (३६१-२)
स्वाँतबूंद जोई जोई परत समुंद्र बिखै (३६१-३)
सीप कै संजोग मुकताहल बखानीऐ । (३६१-४)
बावन सुगंध सम्बंध पउन गउन करै (३६१-५)
लागै जाही जाही द्रु म चंदन समानीऐ (३६१-६)
तैसे गुरसिख संग जो जो जागत अमृत जोग (३६१-७)

सबदु प्रसादि मोख पद परवानीऐ ॥३६१॥ (३६१-८)

तीर्थ जात्रा समै न एक सै आवत सबै (३६२-१)
काहू साध पाछै पाप सबन के जात है । (३६२-२)
जैसे नृप सैना समसरि न सकल होत (३६२-३)
एक एक पाछे कई कोटि परे खात है । (३६२-४)
जैसे तउ समुंद्र जल बिमल बोहिथ बसै (३६२-५)
एक एक मै अनेक पारि पहुचात है । (३६२-६)
तैसे गुरसिख साखा अनिक संसार दुआर (३६२-७)
सनमुख ओट गहे कोट बिआसात है ॥३६२॥ (३६२-८)

भाँजन कै जैसे कोऊ दीपकै दुराए राखै (३६३-१)
मंदर मै अछत ही दूसरो न जानई । (३६३-२)
जउपै रखवईआ पुनि प्रगट प्रगास करै (३६३-३)
हरै तम तिमर उदोत जोत ठानई । (३६३-४)
सगल समग्री गृहि पेखिऐ प्रतछि रूप (३६३-५)
दीपक दिपईआ ततखन पहिचानई । (३६३-६)
तैसे अवघट घट गुप्त जोती सरूप (३६३-७)
गुर उपदेस उनमानी उनमानई ॥३६३॥ (३६३-८)

जैसे बृथावंत जंत अउखद हिताइ रिदै (३६४-१)
बृथा बलु बिमुख होइ सहजि निवास है । (३६४-२)
जैसे आन धात मै तनक ही कलंक डारे (३६४-३)
अनक बरन मेटि कनकि प्रगास है । (३६४-४)
जैसे कोटि भारि कर कासटि इकत्रता मै (३६४-५)
रंचक ही आँच देत भसम उदास है । (३६४-६)
तैसे गुर उपदेस उर अंतर प्रवेस भए (३६४-७)
जनम मरन दुख दोखन बिनास है ॥३६४॥ (३६४-८)

जैसे अनी बान की रहत टूटि देही बिखै (३६५-१)
चुम्बक दिखाए ततकाल निकसत है । (३६५-२)
जैसे जोक तोंबरी लगाईत रोगी तन (३६५-३)
ऐच लेत रुधर बृथा समु खसत है । (३६५-४)
जैसे जुवतिन प्रति मरदन करै दाई (३६५-५)
गरभ सथम्भन हुइ पीड़ा न ग्रसत है । (३६५-६)

तैसे पाँचो दूत भूत बिभरम हुइ भागि जाति (३६५-७)
सतिगुर मंत जंत रसना रसत है ॥३६५॥ (३६५-८)

जैसे तउ सफल बन बिखै बिरख बिबिधि (३६६-१)
जाको फलु मीठो खग तापो चलि जाति है । (३६६-२)
जैसे पर्बत बिखै देखीऐ पाखान बहु (३६६-३)
जामै तो हीरा खोजी खोज खनवारा ललचात है । (३६६-४)
जैसे तउ जलधि मधि बसत अनंत जंत (३६६-५)
मुकता अमोल जामै हंस खोज खात है । (३६६-६)
तैसे गुर चरन सरनि है असंख सिख (३६६-७)
जामै गुर गिआन ताहि लोक लपटात है ॥३६६॥ (३६६-८)

Paurhi 367 is missing.

जैसे ससि जोति होत पूरन प्रगास तास (३६८-१)
चितवत चक्रत चकोर धिआन धार ही । (३६८-२)
जैसे अंधकार बिखै दीपही दिपत देखि (३६८-३)
अनिक पतंग ओतपोति होइ गुंजार ही । (३६८-४)
जैसे मिसटान पान जान काज भाँजन मै (३६८-५)
राखत ही चीटी कोटि लोभ लुभत अपार ही । (३६८-६)
तैसे परमनिधान गुर गिआन परवान जामै (३६८-७)
सकल संसार तास चरन नमस्कार ही ॥३६८॥ (३६८-८)

जैसे अहि अगनि कउ बालक बिलोक धावै (३६९-१)
गहि गहि राखै माता सुत बिललात है । (३६९-२)
बृखावंत जंत जैसे चाहत अखादि खादि (३६९-३)
जतन कै बेद जुगवत न सुहात है । (३६९-४)
जैसे पंथ अपंथ बिबेकहि न बूझै अंध (३६९-५)
कटि गहे अटपटी चाल चलिओ जात है । (३६९-६)
तैसे कामना करत कनिक अउ कामनी की (३६९-७)
राखै निरलेप गुरसिख अकुलात है ॥३६९॥ (३६९-८)

जैसे माता पिता अनेक उपजात सुत (३७०-१)
पूंजी दै दै बनज बिउहारहि लगावही । (३७०-२)
किरत बिरत करि कोऊ मूलि खोवै रोवै (३७०-३)

कोऊ लाभ लभति कै चउगुनो बढावही । (३७०-४)
जैसो जैसो जोई कुला धर्म है कर्म करै (३७०-५)
तैसो तैसो जसु अपजसु प्रगटावही । (३७०-६)
तैसे सतिगुर समदरसी पुहुप गत , (३७०-७)
सिख साखा बिबिधि बिरख फल पावही ॥३७०॥ (३७०-८)

जैसे नरपति बहु बनता बिवाह करै (३७१-१)
जाकै जनमत सुत वाही गृहि राज है । (३७१-२)
जैसे दधि मधि चहूं ओर मै बोहथ चलै (३७१-३)
जोई पार पहुचै पूरन सब काज है । (३७१-४)
जैसे खानि खनत अनंत खनवारा खोजी (३७१-५)
हीरा हाथि चड़ै जाकै ताकै बाजु बाज है । (३७१-६)
तैसे गुरसिख नवतन अउ पुरातनादि (३७१-७)
का परि कटाछि कृपा ताकै छबि छाज है ॥३७१॥ (३७१-८)

बूंद बूंद बरख पनारे बहि चलै जलु (३७२-१)
बहुरिओ उमगि बहै बीथी बीथी आइकै । (३७२-२)
ताते नोरा नोरा भरि चलत चतरकुंट (३७२-३)
सरिता सरिता प्रति मिलत है जाइकै । (३७२-४)
सरिता सकल जल प्रबल प्रवाह चलि (३७२-५)
संगम समुंद्र होत समत समाइकै । (३७२-६)
जामै जैसीऐ समाई तैसीऐ महिमा बडाई (३७२-७)
ओछौ अउ गम्भीर धीर बूझीऐ बुलाइकै ॥३७२॥ (३७२-८)

जैसे हीरा हाथ मै तनक सो दिखाई देत (३७३-१)
मोल कीए दमकन भरत भंडार जी । (३७३-२)
जैसे बर बाधे हुंडी लागत न भार कछु (३७३-३)
आगै जाइ पाईअत लछमी अपार जी । (३७३-४)
जैसे बटि बीज अति सूखम सरूप होत (३७३-५)
बोए सै बिबिधि करै बिरखा बिसथार जी । (३७३-६)
तैसे गुर बचन सचन गुरसिखन मै (३७३-७)
जानीऐ महातम गए ही हरिदुआर जी ॥३७३॥ (३७३-८)

जैसे मद पीअत न जानीऐ मरम्मु ताको (३७४-१)
पाछै मतवारो होइ छकै छक जाति है । (३७४-२)

जैसे ठारि भेटत भतारहि न भेदु जानहि (३७४-३)
उदित अधान आन चिहनि दिखात है । (३७४-४)
करि परि मानकु न लागत है भारी तोल (३७४-५)
मोल संखिआ दमकन हेरत हिराति है । (३७४-६)
तैसे गुर अमृत बचन सुनि मानै सिख (३७४-७)
जानै महिमा जउ सुख सागर समात है ॥३७४॥ (३७४-८)

जैसे मछ कछ बग हंस मुकता पाखान (३७५-१)
अमृत बिखै प्रगास उदधि सै जानीऐ । (३७५-२)
जैसे तारो तारी तउ आरसी सनाह ससत्र (३७५-३)
लोह एक से अनेक रचना बखानीऐ । (३७५-४)
भाँजन बिबिधि जैसे होत एक मिरतका सै (३७५-५)
खीर नीर बिंजनादि अउखद समानीऐ । (३७५-६)
तैसे दरसन बहु बरन आस्रम ध्रम (३७५-७)
सकल गृहसतु की साखा उनमानीऐ ॥३७५॥ (३७५-८)

जैसे सरि सरिता सकल मै समुंद्र बडो (३७६-१)
मेर मै सुमेर बडो जगतु बखान है । (३७६-२)
तरवर बिखै जैसे चंदन बिरखु बडो (३७६-३)
धात मै कनक अति उतम कै मान है ।॥ (३७६-४)
पंछीअन मै हंस मृग राजन मै सारदूल (३७६-५)
रागन मै सिरीरागु पारस पखान है । (३७६-६)
गिआँनन मै गिआनु अरु धिआनन मै धिआन गुर (३७६-७)
सकल धर्म मै गृहसतु प्रधान है ॥३७६॥ (३७६-८)

तीर्थ मजन करबै को है इहै गुनाउ (३७७-१)
निर्मल तन तृखा तपति निवारीऐ । (३७७-२)
दरपन दीप कर गहे को इहै गुनाउ (३७७-३)
पेखत चिहन मग सुरति सम्मारीऐ । (३७७-४)
भेटत भतार नारि को इहै गुनाउ (३७७-५)
स्वाँतबूंद सीप गति लै गरब प्रतिपारीऐ । (३७७-६)
तैसे गुर चरनि सरनि को इहै गुनाउ (३७७-७)
गुर उपदेस करि हारु उरिधारीऐ ॥३७७॥ (३७७-८)

जैसे माता पिता न बीचारत बिकार सुत॥ (३७८-१)

पोखत सप्रेम बिहसत बिहसाइकै । (३७८-२)
जैसे बृथावंत जंत बैदहि बृताँत कहै (३७८-३)
परख परीखा उपचारत रसाइकै । (३७८-४)
चटीआ अनेक जैसे एक चटिसार बिखै॥ (३७८-५)
बिदिआवंत करै पाधा प्रीति सै पड़ाइकै । (३७८-६)
तैसे गुरसिखन कै अउगुन अवगिआ मेटै॥ (३७८-७)
ब्रह्म बिबेक सै सहज समझाइकै ॥३७८॥ (३७८-८)

जैसे तउ करत सुत अनिक इआनपन॥ (३७९-१)
तऊ न जननी अतुगन उरि धारिओ है । (३७९-२)
जैसे तउ सरनि सूरि पूरन परतगिआ राखै॥ (३७९-३)
अनिक अवगिआ कीए मारि न बिडारिओ है । (३७९-४)
जैसे तउ सरिता जलु कासटहि न बोरत॥ (३७९-५)
करत चित लाज अपनोई प्रतिपारिओ है । (३७९-६)
तैसे ही पर्म गुर पारस परस गति॥ (३७९-७)
सिखन को किरतु करमु कछू ना बिचारिओ है ॥३७९॥ (३७९-८)

जोई कुला धर्म कर्म कै सुचार चार॥ (३८०-१)
सोई परवारि बिखै स्रेसटु बखानीऐ । (३८०-२)
बनजु बिउहार साचो साह सनमुख सदा॥ (३८०-३)
सोई तउ बनउटा निहकपट कै मानीऐ । (३८०-४)
सुआम काम सावधान मानत नरेस आन॥ (३८०-५)
सोई स्वाम कारजी प्रसिधि पहिचानीऐ । (३८०-६)
गुर उपदेस परवेस रिदि अंतरि है॥ (३८०-७)
सबद सुरति सोई सिख जग जानीऐ ॥३८०॥ (३८०-८)

जल कै धरन अरु धरन कै जैसे जलु॥ (३८१-१)
प्रीति कै परसपर संगमु समारि है । (३८१-२)
जैसे जल सीच कै तमालि प्रतिपालीअत॥ (३८१-३)
बोरत न कासटहि ज्वाला मै न जारि है । (३८१-४)
लोसट कै जड़ि गड़ि बोहथि बनाईअत॥ (३८१-५)
लोसटहि सागर अपार पार पार है । (३८१-६)
प्रभ कै जानीजै जनु जन कै जानीजै प्रभ॥ (३८१-७)
ताते जन को न गुन अउगुन बीचारि है ॥३८१॥ (३८१-८)

बिआह समै जैसे दुहूं ओर गाईअति गीत॥ (३८२-१)
एकै हुइ लभति एकै हानि कानि जानीऐ । (३८२-२)
दुहूं दल बिखै जैसे बाजत नीसान तान॥ (३८२-३)
काहू कउ जै काहू कउ पराजै पहिचानीऐ । (३८२-४)
जैसे दुहूं कूलि सरिता मै भरि नाउ चलै॥ (३८२-५)
कोऊ माझिधारि कोऊ पारि परवानीऐ । (३८२-६)
धर्म अधरम कर्म कै असाध साध॥ (३८२-७)
ऊच नीच पदवी प्रसिध उनमानीऐ ॥३८२॥ (३८२-८)

पाहन की रेख आदि अंति निरबाहु करै॥ (३८३-१)
टरै न सनेहु साध बिग्रहु असाध को । (३८३-२)
जैसे जल मैलकीर धीर न धरति तत (३८३-३)
अधम की प्रीति अउ बिरुध जुध साध को । (३८३-४)
थोहरि उखारी उपकारी अउ बिकारी॥ (३८३-५)
सहजि सुभाव साध अधम उपाध को॥ (३८३-६)
गुंजाफल मानक संसारि तुलाधारि बिखै॥ (३८३-७)
तोलि कै समानि मोल अलप अगाधि को ॥३८३॥ (३८३-८)

जैसे कुलाबधू अंग रचति सीगार खोड़ि॥ (३८४-१)
तई गनिका रचत सकल सिंगार जी । (३८४-२)
कुलाबधू सिहजा समै रमै भतार एक॥ (३८४-३)
बेस्वा तउ अनेक सै करत बिबचार जी । (३८४-४)
कुलाबधू संगमु सुजम निरदोख मोख॥ (३८४-५)
बेस्वा परसत अपजदस हुइ बिकार जी । (३८४-६)
तैसे गुरसिखन कउ पर्म पवित्र माइआ॥ (३८४-७)
सोई दुखदाइक हुइ दहति संसार जी ॥३८४॥ (३८४-८)

सोई लोहा बिसु बिखै बिबिधि बंधन रूप॥ (३८५-१)
सोई तउ कंचन जोति पारस प्रसंग है । (३८५-२)
सोई तउ सिंगार अति सोभत पतिबृता कउ (३८५-३)
सोई अभरनु गनिका रचत अंग है । (३८५-४)
सोई स्वाँतिबूंद मिल सागर मुकताफल (३८५-५)
सोई स्वाँतबूंद बिख भेटत भुअंग है । (३८५-६)
तैसे माइआ किरत बिरत है बिकार जग (३८५-७)
परउपकार गुरसिखन स्रबंग है ॥३८५॥ (३८५-८)

कऊआ जउ मराल सभा जाइ बैठे मानसर॥ (३८६-१)
दुचित उदास बास आस दुरगंध की । (३८६-२)
स्वान जिउ बैठाईऐ सुभग प्रजंग पार॥ (३८६-३)
तिआगि जाइ चाकी चाटै हीन मत अंध की । (३८६-४)
गरधब अंग अरगजा जउ लेपन कीजै (३८६-५)
लोटत भसम संगि है कुटेव कंध की । (३८६-६)
तैसे ही असाध साधसंगति न प्रीति चीति॥ (३८६-७)
मनसा उपाध अपराध सनबंध की ॥३८६॥ (३८६-८)

निराधार को अधारु आसरो निरासन को॥ (३८७-१)
नाथु है अनाथन को दीन को दइआलु है । (३८७-२)
असरनि सरनि अउ निर्धन को है धन॥ (३८७-३)
टेक अंधरन की अउ कृपन कृपालु है । (३८७-४)
अकृतघन के दातार पतति पावन प्रभ (३८७-५)
नरक निवारन प्रतगिआ प्रतिपालु है । (३८७-६)
अवगुन हरन करन करतगिआ स्वामी (३८७-७)
संगी सरबंगि रस रसकि रसालु है ॥३८७॥ (३८७-८)

कोइला सीतल कर करत सिआम गहे॥ (३८८-१)
परस तपत परदगध करत है । (३८८-२)
कूकर के चाटत कलेवरहि लागै छोति॥ (३८८-३)
काटत सरीर पीर धीर न धरत है । (३८८-४)
फूटत जिउ गागरि परत ही पखान परि॥ (३८८-५)
पाहन परति पुनि गागरि हरत है । (३८८-६)
तैसे ही असाध संगि प्रीत हू बिरोध बुरो (३८८-७)
लोक परलोक दुख दोख न टरत है ॥३८८॥ (३८८-८)

छत्र के बदले जैसे बैठे छतना की छाँह (३८९-१)
हीरा अमोलक बदले फटक कउ पाईऐ । (३८९-२)
जैसे मन कंचन के बदले काचु गुंजाफलु (३८९-३)
काबरी पटम्बर के बदले ओढाईऐ । (३८९-४)
अमृत मिसटान पान के बदले करीफल (३८९-५)
केसर कपूर जिउ कचूर लै लगाईऐ । (३८९-६)
भेटत असाध सुख सुकृत सूखम होत (३८९-७)

सागर अथाह जैसे बेली मै समाईऐ ॥३८६॥ (३८६-८)

कंचन कलस जैसे बाको भए सूधो होइ (३६०-१)
माटी को कलसु फूटो जुरै न जतन सै । (३६०-२)
बसन मलीन धोए निर्मल होत जैसे॥ (३६०-३)
ऊजरी न होत काँबरी पतन सै । (३६०-४)
जैसे लकुटी अगनि सेकत ही सूधी होइ (३६०-५)
स्वान पूछि पटंतरो प्रगट मन तन सै । (३६०-६)
तैसे गुरसिखन सुभाउ जल मै न गति॥ (३६०-७)
साकत सुभाव लाख पाहुन गतन सै ॥३६०॥ (३६०-८)

कोऊ बेचै गड़ि गड़ि ससत्र धनख बान (३६१-१)
कोऊ बेचै गड़ि गड़ि बिबिधि सनाह जी । (३६१-२)
कोऊ बेचै गोरस दुगध दध घ्रित नित (३६१-३)
कोऊ बेचै बारुनी बिखम सम चाह जी । (३६१-४)
तैसे ही बिकारी उपकारी है असाध साध (३६१-५)
बिखिआ अमृत बन देखे अवगाह जी । (३६१-६)
आतमा अचेत पंछी धावत चतुरकुंट (३६१-७)
जैसे ई बिरख बैठे चाखे फल ताह जी ॥३६१॥ (३६१-८)

जैसे एक जननी कै होत है अनेक सुत॥ (३६२-१)
सबही मै अधिक पिआरो सुत गोद को । (३६२-२)
सिआने सुत बनज बिउहार के बीचार बिखै॥ (३६२-३)
गोद मै अचेतु हेतु सम्पै न सहोद को । (३६२-४)
पलना सुवाइ माइ गृहि काजि लागै जाइ (३६२-५)
सुनि सुत रुदन पै पीआवै मन मोद को । (३६२-६)
आपा खोइ जोई गुर चरनि सरनि गहे (३६२-७)
रहे निरदोख मोख अनद बिनोद को ॥३६२॥ (३६२-८)

करत न इछा कछु मित्र सत्रत न जानै (३६३-१)
बाल बुधि सुधि नाहि बालक अचेत कउ । (३६३-२)
असन बसन लीए माता पाछै लागी डोलै (३६३-३)
बोलै मुख अमृत बचन सुत हेत कउ । (३६३-४)
बालकै असीस दैनहारी अति पिआरी लागै (३६३-५)
गारि दैनहारी बलिहारी डारी सेत कउ । (३६३-६)

तैसे गुरसिख समदरसी अनंदमई॥ (३९३-७)
जैसो जगु मानै तैसो लागै फलु खेत कउ ॥३९३॥ (३९३-८)

जैसे दरपनि दिबि सूर सनमुख राखै (३९४-१)
पावक प्रगास होट किरन चरितृ कै । (३९४-२)
जैसे मेघ बरखत ही बसुंधरा बिराजै (३९४-३)
बिबिधि बनासपती सफल सुमित्र कै । (३९४-४)
भैटत भतारि नारि सोभत सिंगारि चारि (३९४-५)
पूरन अनंद सुत उदिति बचित कै । (३९४-६)
सतिगुर दरसि परसि बिगसत सिख (३९४-७)
प्रापत निधान गिआन पावन पवित्र कै ॥३९४॥ (३९४-८)

जैसे कुलाबधू बुधिवंत ससुरार बिखै (३९५-१)
सावधान चेतन रहै अचार चार कै । (३९५-२)
ससुर देवर जेठ सकल की सेवा करै (३९५-३)
खान पान गिआन जानि प्रति परवारि कै । (३९५-४)
मधुर बचन गुरजन सै लजावान (३९५-५)
सिहिजा समै रस प्रेम पूरन भतार कै । (३९५-६)
तैसे गुरसिख सरबातम पूजा प्रबीन (३९५-७)
ब्रह्म धिआन गुरमूरति अपार कै ॥३९५॥ (३९५-८)

तीर्थ पुरब देव जात्रा जात है जगतु (३९६-१)
पुरब तीर्थ सुर कोटनि कोटानि कै । (३९६-२)
मुकति बैकुंठ जोग जुगति बिबिध फल॥ (३९६-३)
बाँछत है साध रज कोटि गिआन धिआन कै । (३९६-४)
अगम अगाधि साधसंगति असंख सिख (३९६-५)
स्रीगुर बचन मिले रामरस आनि कै । (३९६-६)
सहज समाधि अपरम्पर पुरख लिव (३९६-७)
पूरन ब्रह्म सतिगुर सावधान कै ॥३९६॥ (३९६-८)

दृगन कउ जिहबा स्रवन जउ मिलहि (३९७-१)
जैसे देखै तैसो कहि सुनि गावही । (३९७-२)
स्रवन जिहबा अउ लोचन मिलै दिआल (३९७-३)
जैसो सुनै तैसो देखि कहि समझावही । (३९७-४)
जिहबा कउ लोचन स्रवन जउ मिलहि देव (३९७-५)

जैसो कहै तैसो सुनि देखि अउ दिखावही । (३९७-६)
नैन जीह स्रवन स्रवन लोचन जीह (३९७-७)
जिहबा न स्रवन लोचन ललचावही ॥३९७॥ (३९७-८)

आपनो सुअंनि जैसे लागत पिआरो जीअ (३९८-१)
जानीऐ वैसो ई पिआरो सकल संसार कउ । (३९८-२)
आपनो दरबु जैसे राखीऐ जतन करि (३९८-३)
वैसो ई समझि सभ काहू के बिउहार कउ । (३९८-४)
असतुति निंदा सुनि बिआपत हरख सोग (३९८-५)
वैसीऐ लगत जग अनिक प्रकार कउ । (३९८-६)
तैसे कुल धरमु कर्म जैसो जैसो काको (३९८-७)
उतम कै मानि जानि ब्रह्म बृथार कउ ॥३९८॥ (३९८-८)

जैसे नैन बैन पंख सुंदर स्रबंग मोर (३९९-१)
ताके पग ओर देखि दोख न बीचारीऐ । (३९९-२)
संदल सुगंध अति कोमल कमल जैसे॥ (३९९-३)
कंटकि बिलोक न अउगन उरधारीऐ । (३९९-४)
जैसे अमृत फल मिसटि गुनादि स्वाद (३९९-५)
बीज करवाई कै बुराई न समारीऐ । (३९९-६)
तैसे गुर गिआन दान सबहु सै मागि लीजै (३९९-७)
बंदना सकल भूत निंदा न तकारीऐ ॥३९९॥ (३९९-८)

सवैया (४००-१)
पारस परस दरस कत सजनी॥ (४००-२)
कत वै नैन बैन मन मोहन । (४००-३)
कत वै दसन हसन सोभा निधि (४००-४)
कत वै गवन भवन बन सोहन । (४००-५)
कत वै राग रंग सुख सागर (४००-६)
कत वै दइआ मइआ दुख जोहन । (४००-७)
कत वै जोग भोग रस लीला (४००-८)
कत वै संत सभा छबि गोहन ॥४००॥ (४००-९)

कब लागै मसतकि चरनन रज (४०१-१)
दरसु दइआ दृगन कब देखउ । (४०१-२)
अमृत बचन सुनउ कब स्रवनन॥ (४०१-३)

कब रसना बेनती बिसेखउ । (४०१-४)
कब कर करउ डंडउत बंदना॥ (४०१-५)
पगन परिक्रमादि पुन रेखउ । (४०१-६)
प्रेम भगत प्रतछि प्रानपति॥ (४०१-७)
गिआन धिआन जीवनपद लेखउ ॥४०१॥ (४०१-८)

कबित
बिरखै बइआर लागै जैसे हहिराति पाति (४०२-१)
पंछी न धीरज करि ठउर ठहरात है । (४०२-२)
सरवर घाम लागै बारज बिलख मुख (४०२-३)
प्रान अंत हंत जल जंत अकुलात है । (४०२-४)
सारदूल देखै मृगमाल सुकचित बन (४०२-५)
वास मै न त्रास करि आस्रम सुहात है । (४०२-६)
तैसे गुर आँग स्वाँगि भए बै चकति सिख (४०२-७)
दुखति उदास बास अति बिललात है ॥४०२॥ (४०२-८)

ओला बरखन करखन दामनी बजागि (४०३-१)
सागर लहरि बन जरत अगनि है । (४०३-२)
राजी बिराजी भूकम्पका अंतर बृथा बल॥ (४०३-३)
बंदसाल सासना संकट मै मगनु है । (४०३-४)
आपदा अधीन दीन दूखना दरिद्र छिदृ (४०३-५)
भ्रमति उदासरिन दासनि नगन है । (४०३-६)
तैसे ही सृसटि को अदृसटु जउ आइ लागै (४०३-७)
जग मै भगतन के रोम न भघन है ॥४०३॥ (४०३-८)

जैसे चीटी क्रम क्रम कै बिरख चड़ै (४०४-१)
पंछी उडि जाइ बैसे निकटि ही फल कै । (४०४-२)
जैसे गाडी चलीजाति लीकन महि धीरज सै (४०४-३)
घोरो दउरि जाइ बाए दाहने सबल कै । (४०४-४)
जैसे कोस भरि चलि सकीऐ न पाइन कै (४०४-५)
आतमा चतुरकुंट धाइ आवै पल कै । (४०४-६)
तैसे लोग बेद भेद गिआन उनमान पछ (४०४-७)
गम्म गुर चरन सरन असथल कै ॥४०४ (४०४-८)

जैसे बनराइ परफुलत फल नमिति (४०५-१)

लागत ही फल पत्र पुहप बिलात है । (४०५-२)
जैसे त्रीआ रचत सिंगार भरतार हेति (४०५-३)
भेटत भरतारउर हार न समात है । (४०५-४)
बालक अचेत जैसे करत लीला अनेक (४०५-५)
सुचित चिंतन भए सभै बिसरात है । (४०५-६)
तैसे खट कर्म धर्म स्रम गिआन काज (४०५-७)
गिआन भान उदै उड कर्म उडात है ॥४०५॥ (४०५-८)

जैसे हंस बोलत ही डाकन हरै करेजौ (४०६-१)
बालक ताही लौ धावै जानै गोदि लेत है । (४०६-२)
रोवत सुतहि जैसे अउखद पीआवै माता॥ (४०६-३)
बालकु जानत मोहि कालकूट देत है । (४०६-४)
हरन भरन गति सतिगुर जानीऐ न (४०६-५)
बालक जुगति मति जगत अचेत है । (४०६-६)
अकल कला अलख अति ही अगाध बोध (४०६-७)
आप ही जानत आप नेत नेत नेत है ॥४०६॥ (४०६-८)

दैत सुत भगत प्रगटि प्रहिलाद भए (४०७-१)
देव सुत जग मै सनीचर बखानीऐ । (४०७-२)
मधुपुर बासी कंस अधम असुर भए (४०७-३)
लंका बासी सेवक भभीखन पछानीऐ । (४०७-४)
सागर गम्भीर बिखै बिखिआ प्रगास भई (४०७-५)
अहि मसतकि मन उदै उनमानीऐ । (४०७-६)
बरन सथान लघु दीरघ जतन परै (४०७-७)
अकथ कथा बिनोद बिसम न जानीऐ ॥४०७॥ (४०७-८)

चिंतामनि चितवत चिंता चित ते चुराई (४०८-१)
अजोनी अराधे जोनि संकटि कटाए है । (४०८-२)
जपत अकाल काल कंटक कलेस नासे (४०८-३)
निरभै भजन भ्रम भै दल भजाए है । (४०८-४)
सिमरत नाथ निरवैर बैर भाउ तिआगिओ (४०८-५)
भागिओ भेदु खेदु निरभेद गुन गाए है । (४०८-६)
अकुल अंचल गहे कुल न बिचारै कोऊ (४०८-७)
अटल सरनि आवागवन मिटाए है ॥४०८॥ (४०८-८)

बाछै न सुवरग बास मानै न नरक त्रास (४०६-१)
आसा न करत चित होनहार होइ है । (४०६-२)
सम्पत न हरख बिपत मै न सोग ताहि (४०६-३)
सुख दुख समसरि बिहस न रोइ है । (४०६-४)
जनम जीवन मृत मुकति न भेद खेद (४०६-५)
गंमिता तृकाल बाल बुधि अवलोइ है । (४०६-६)
गिआन गुर अंजन कै चीनत निरंजनहि (४०६-७)
बिरलो संसार प्रेम भगत मै कोइ है ॥४०६॥ (४०६-८)

जैसे तउ मिठाई राखीऐ छिपाइ जतन कै (४१०-१)
चीटी चलि जाइ चीनि ताहि लपटात है । (४१०-२)
दीपक जगाइ जैसे राखीऐ दुराइ गृहि (४१०-३)
प्रगट पतंग तामै सहजि समाति है । (४१०-४)
जैसे तउ बिमल जल कमल इकाँत बसै (४१०-५)
मधुकर मधु अचवन तह जात है । (४१०-६)
तैसे गुरमुखि जिह घट प्रगटत प्रेम (४१०-७)
सकल संसारु तिहि दुआर बिललात है ॥४१०॥ (४१०-८)

बाजत नीसान सुनीअत चहूं ओर जैसे॥ (४११-१)
उदत प्रधान भान दुरै न दुराए सै । (४११-२)
दीपक सै दावा भए सकल संसारु जानै (४११-३)
घटका मै शिंध जैसे छिपै न छिपाए सै । (४११-४)
जैसे चकवै न छानो रहत सिंघासन सै (४११-५)
देस मै दुहाई फेरे मिटे न मिटाए सै । (४११-६)
तैसे गुरमुखि पृअ प्रेम को प्रगासु जासु (४११-७)
गुपतु न रहै मोनि बृत उपजाए सै ॥४११॥ (४११-८)

जउपै देखि दीपक पतंग पछम नो ताकै (४१२-१)
जीवन जनमु कुल लाछन लगावई । (४१२-२)
जउपै नाद बाद सुनि मृग आन गिआन राचै (४१२-३)
प्रान सुख हुइ सबदबेधी न कहावई । (४१२-४)
जउपै जल सै निकस मीन सरजीव रहै (४१२-५)
सहै दुख दूखनि बिरहु बिलखावई । (४१२-६)
सेवा गुर गिआन धिआन तजै भजै दुबिधा कउ (४१२-७)
संगत मै गुरमुख पदवी न पावई ॥४१२॥ (४१२-८)

जैसे एक चीटी पाछै कोट चीटी चली जाति॥ (४१३-१)
इक टग पग डग मगि सावधान है । (४१३-२)
जैसे कूंज पाति भलीभाँति साँति सहज मै॥ (४१३-३)
उडत आकासचारी आगै अगवान है । (४१३-४)
जैसे मृगमाल चाल चलत टलत नाहि (४१३-५)
जत्रतत्र अग्रभागी रमत तत धिआन है । (४१३-६)
कीटी खग मृग सनमुख पाछै लागे जाहि (४१३-७)
प्रानी गुर पंथ छाड चलत अगिआन है ॥४१३॥ (४१३-८)

जैसे पृअ संगम सुजसु नाइका बखानै॥ (४१४-१)
सुनि सुनि सजनी सगल बिगसात है । (४१४-२)
सिमरि सिमरि पृअ प्रेमरस बिसम हुइ (४१४-३)
सोभा देत मोनि गहे मन मुसकात है । (४१४-४)
पूरन अधान परसूत समै रुदन सै॥ (४१४-५)
गुरजन मुदित हुइ ताही लपटात है । (४१४-६)
तैसे गुरमुखि प्रेम भगत प्रगास जासु (४१४-७)
बोलत बैराग मोनि सबहु सुहात है ॥४१४॥ (४१४-८)

जैसे काछी फल हेत बिबिधि बिरख रोपै (४१५-१)
निहफल रहै बिरखै न काहू काज है । (४१५-२)
संतति नमिति नृप अनिक बिवाह करै (४१५-३)
संतति बिहून बनिता न गृह छाजि है । (४१५-४)
बिदिआ दान जान जैसे पाधा चटसार जोरै (४१५-५)
बिदिआ हीन दीन खल नाम उपराजि है । (४१५-६)
सतिगुर सिख साखा संग्रहै सुगिआन नमिति॥ (४१५-७)
बिन गुर गिआन धि्रग जनम कउ लाजि है ॥४१५॥ (४१५-८)

सुरसरी सुरसती जमना गोदावरी (४१६-१)
गइआ प्रागि सेत कुरखेत मानसर है । (४१६-२)
कासी काती दुआरावती माइआ मथुरा अजुधिआ (४१६-३)
गोमती आवंतका केदार हिमधर है । (४१६-४)
नरबदा बिबिधि बन देवसथल कवलास (४१६-५)
नील मंदराचल सुमेर गिरवर है । (४१६-६)
तीर्थ अर्थ सत धर्म दइआ संतोख (४१६-७)

स्रीगुर चरन रज तुल न सगर है ॥४१६॥ (४१६-८)

जैसे कुआर कंनिआ मिलि खेलत अनेक सखी (४१७-१)
सकल को एकै दिन होत न बिवाह जी । (४१७-२)
जैसे बीर खेत बिखै जात है सुभट जेते (४१७-३)
सबै न मरत तेते ससत्रन सनाह जी । (४१७-४)
बावन समीप जैसे बिबिधि बनासपती (४१७-५)
एकै बेर चंदन करत है न ताहि जी । (४१७-६)
तैसे गुर चरन सरनि जातु है जगत (४१७-७)
जीवनमुकति पद चाहित है जाहि जी ॥४१७॥ (४१७-८)

जैसे गुआर गाइन चरावत जतन बन (४१८-१)
खेत न परत सबै चरत अघाइकै । (४१८-२)
जैसे राजा धर्म सरूप राजनीत बिखै (४१८-३)
ताके देस परजा बसत सुख पाइकै । (४१८-४)
जैसे होत खेवट चेतंनि सावधान जामै (४१८-५)
लागै निरबिघन बोहथ पारि जाइकै । (४१८-६)
तैसे गुर उनमुन मगन ब्रह्म जोत (४१८-७)
जीवनमुकति करै सिख समझाइकै ॥४१८॥ (४१८-८)

जैसे घाउ घाइल को जतन कै नीको होत (४१९-१)
पीर मिटि जाइ लीक मिटत न पेखीऐ । (४१९-२)
जैसे फाटे अम्बरो सीआइ पुनि ओढीअत (४१९-३)
नागो तउ न होइ तऊ थेगरी परेखीऐ । (४१९-४)
जैसे टूटै बासनु सवार देत है ठठेरो (४१९-५)
गिरत न पानी पै गठीलो भेख भेखीऐ । (४१९-६)
तैसे गुर चरनि बिमुख दुख देखि पुनि (४१९-७)
सरन गहे पुनीत पै कलंकु लेख लेखीऐ ॥४१९॥ (४१९-८)

देखि देखि दृगन दरस महिमा न जानी (४२०-१)
सुन सुन सबदु महातम न जानिओ है । (४२०-२)
गाइ गाइ गंमिता गुन गन गुन निधान (४२०-३)
हसि हसि प्रेम को प्रतापु न पछानिओ है । (४२०-४)
रोइ रोइ बिरहा बिओग को न सोग जानिओ (४२०-५)
मन गहि गहि मनु मुघदु न मानिओ है । (४२०-६)

लोग बेद गिआन उनमान कै न जानि सकिओ (४२०-७)
जनम जीवने ध्रिगु बिमुख बिहानिओ है ॥४२०॥ (४२०-८)

कोटनि कोटानि मनि को चमतकार वारउ (४२१-१)
ससीअर सूर कोट कोटनि प्रगास जी । (४२१-२)
कोटनि कोटानि भागि पूरन प्रताप छबि (४२१-३)
जगिमगि जोति है सुजस निवास जी । (४२१-४)
सिव सनकादि ब्रहमादिक मनोरथ कै (४२१-५)
तीर्थ कोटानि कोट बाछत है तास जी । (४२१-६)
मसतकि दरसन सोभा को महातम अगाधि बोध (४२१-७)
स्रीगुर चरन रज मात्र लागै जास जी ॥४२१॥ (४२१-८)

सवैया खग मृग मीन पतंग चराचर (४२२-१)
जोनि अनेक बिखै भ्रम आइओ । (४२२-२)
सुनि सुनि पाइ रसातल भूतल (४२२-३)
देवपुरी प्रत लउ बहु धाइओ । (४२२-४)
जोग हू भोग दुखादि सुखादिक (४२२-५)
धर्म अधरम सु कर्म कमाइओ । (४२२-६)
हारि परिओ सरनागत आइ॥ (४२२-७)
गुरूमुख देख गरू सुख पाइओ ॥४२२॥ (४२२-८)

कवितुचाहि चाहि चंद्र मुख चाइकै चकोर चखि (४२३-१)
